तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

# युद्ध के 10 दिनों में ही 50 करोड़ का नुकसान, विदेश की 30% बुकिंग कैंसिल

हरिभूमि सरोकार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमला किए जाने के 10 दिनों के अंतराल में ही प्रदेश के टूरिज्म इंडस्ट्रीज से जुड़े ट्रैवल्स एजेंसियों को 50 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ गया है। होली में लंबी छुट्टी होने के कारण विदेश भ्रमण के शौकीन एक बड़े वर्ग द्वारा बुकिंग कराई गई थी। हमले होली से कुछ दिन पूर्व ही प्रारंभ हुए, जिसका सीधा असर होली वेकेशन के दौरान की गई विदेश बुकिंग पर पड़ा। इससे ट्रैवल एजेंसी को 50 करोड़ रुपए तक का नुकसान हुआ है। ना सिर्फ होली, बल्कि समर वेकेशन के लिए की गई विदेश यात्रा बुकिंग पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यदि मई-जून तक युद्ध समाप्त नहीं हुआ तो अंदाजन 200 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा सकता है। समर वेकेशन की बुकिंग को लेकर पूछताछ शुरू हो चुकी है। विभिन्न ट्रैवल एजेंसी संचालकों के मुताबिक, जिन लोगों ने गर्मी की छुट्टियों के लिए विदेश जारी बुकिंग कराई है, वे फिलहाल इसे कैंसिल नहीं कर रहे हैं। हालांकि उनके द्वारा नियमित रूप से पूछताछ की जा रही है। यात्रा पर युद्ध के प्रभाव, रिफंड सहित अन्य विकल्प संबंधित फोन कॉल्स की संख्या इन दिनों बढ़ गई है। परीक्षाएं समाप्त होने के बाद अप्रैल माह से विदेश यात्रियों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाती है। फॉरेन टूरिज्म से 80 प्रतिशत तक की कमाई इस दौरान ही होती है।

## छग में फॉरेन टूरिज्म से ट्रैवल्स सेक्टर का सालाना टर्नओवर 200 करोड़

### अधिकतर कनेक्टिंग फ्लाइट दुबई से

विदेश जाने वाली अधिकतर फ्लाइट दुबई से कनेक्ट होती है। दुबई के अलावा आबुधाबी, कतर, दोहा और ओमान भी उन स्थानों में शामिल हैं, जहां विदेश जाने वाली फ्लाइट कनेक्ट होती है। इनके युद्ध प्रभावित होने के कारण कई फ्लाइट एयरलाइन्स ने स्वतः ही रद्द कर दी है। यूरोप, यूके, यूएस जाने वाली सभी फ्लाइट इसके चलते प्रभावित हो रही हैं। गौरतलब है, यदि एयरलाइन्स द्वारा फ्लाइट कैंसिल की जाती है तो यात्रियों को पूरा रिफंड मिलता है, लेकिन यदि यात्री अपनी टिकट कैंसिल करता है तो कुछ राशि काटी जाती है। एक वर्ग उन लोगों का भी है, जो हालातों को देखते हुए विदेश की जगह अब भारतीय शहरों में ही विकल्प तलाश रहे हैं।



### यात्रा रद्द कर रहे लोग

होली के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने टिकट कैंसिल करवाई हैं। समर वेकेशन के लिए बुकिंग करवा चुके यात्री भी नियमित रूप से पूछताछ कर रहे हैं।

- **भरत देव**, छग प्रमुख, ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया

### 50% फ्लाइट कैंसिल

होली के दौरान 50 फीसदी फ्लाइट कैंसिल हुई है। 40 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ा।

- **कीर्ति व्यास**, संचालक, व्यास ट्रैवल्स

### विशेषज्ञ कहते हैं

मिडिल ईस्ट में अस्थिरता की वजह से इस बार गर्मियों की छुट्टी में विदेश उड़ान के प्लान पर संकट रहेगा। पहले से बुकिंग करा चुके यात्रियों ने अभी बुकिंग कैंसिल नहीं कराई है, पर जिन लोगों को अभी बुकिंग कराना है, उनका बजट बिगड़ सकता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि अनिश्चितता के दौर में यात्रियों को सतर्क रहना चाहिए। अब बुकिंग करते समय 'फ्री कैंसिलेशन' या 'रिफंडेबल टिकट्स' को प्राथमिकता देना समझदारी होगी। अब बीमा केवल मेडिकल इमरजेंसी के लिए नहीं, बल्कि 'ट्रिप इंटरप्शन' के लिए भी अनिवार्य हो गया है, अच्छा यही है कि बीमा इंश्योरेंस युद्ध या नागरिक अशांति के कारण नागरिक अशांति के कारण होने वाले कैंसिलेशन को कवर करता हो।

INTERVIEW
अतिशीघ्र आवश्यकता है
11,12,13 March 2026
समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
5 पद- ड्राइवर पुरुष
2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला
30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष
30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष
वेतनमान अनुभव के आधार पर
योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए
फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस
इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट कार्यालय में चोरी तीन किशोर गिरफ्तार

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने प्राइवेट ऑफिस में चोरी के आरोप में तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 50 हजार रुपए कीमत के सामान जब्त की है। पेशे से सीए सुनील कुमार केसवानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। सुनील ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी की अज्ञात चोर गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात राजातालाब स्थित उसके कार्यालय का ताला तोड़ ऑफिस में प्रवेश कर मोबाइल, लैपटॉप तथा चांदी का सिक्का चोरी कर ले गए थे।

### कॉबिंग गश्त में फंसे 16 बदमाश, भेजा जेल

**रायपुर।** कॉबिंग गश्त में रायपुर ग्रामीण पुलिस ने 16 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें लंबे अरसे से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए की कार्रवाई

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मोपेड ओवरस्पीड चलाने वाले एक वाहन चालक के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने सरस्वती नगर निवासी भोजराज तांडी के खिलाफ कार्रवाई की है। भोजराम अपने मोपेड टीवीएस एक्सएल में तीन छोटे बच्चों के बैठाकर तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपने साथ दूसरे के जीवन को भी गंभीर संकट में डाल रहा था।


# 10538 मर्ज शालाओं को नहीं मिली राशि एक स्कूल के खर्च पर तीन-तीन का बोझ

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक ही भवन अथवा कम दूरी में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर-उच्चतम विद्यालयों को किया गया था मर्ज

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किए गए स्कूलों के समक्ष नई समस्या आ गई है। शासकीय विद्यालयों को मर्ज तो कर दिया गया है, लेकिन उन्हें अनुदान राशि केवल एक ही स्कूल के अनुसार प्रदान की जा रही है, ना कि मर्ज किए गए सभी स्कूलों के छात्र संख्या के आधार पर। बीते वर्ष युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत प्रत्येक जिले में हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज किया गया है। विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या के आधार पर उन्हें अनुदान राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस अनुदान राशि से विद्यालय की साफ-सफाई, स्टेशनरी, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं। विद्यालयों को आपस में मर्ज तो कर दिया गया, लेकिन राशि बढ़ी हुई छात्र संख्या के आधार पर प्रदान करने के बजाय पुरानी छात्र संख्या (जब विद्यालय मर्ज नहीं हुए थे) के अनुसार ही प्रदान की जा रही है। इसके कारण संबंधित विद्यालयों में मरम्मत, रखरखाव, स्वच्छता, स्टेशनरी व आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संचालन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही हैं।



### स्वच्छता, भवन सुरक्षा पर संकट

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय सहित शिक्षा मंत्री को खत लिखकर युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत मर्ज किए गए विद्यालयों के लिए अनुदान राशि जारी करने की मांग की गई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, जिन शालाओं में अन्य स्कूल को मर्ज किया गया है, उन स्कूलों को अतिरिक्त राशि नहीं मिल रही है। उन्हें पहले की ही तरह राशि जारी की गई है। चूंकि स्कूल मर्ज हो गए हैं तो वहां छात्र संख्या भी बढ़ गई है। लेकिन पैसे बढ़ी हुई छात्र संख्या के आधार पर नहीं मिलने से शालेय व्यवस्था, स्वच्छता, भवन सुरक्षा व छात्रों के कक्ष के जीर्ण-शीर्ण होने का अंदेशा है।

### छात्र संख्या के आधार पर तय होती है राशि

*समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय द्वारा वर्तमान सत्र 2025-26 के लिए शाला अनुदान की राशि जारी की गई है। शाला अनुदान के अंतर्गत 1 से 30 दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के लिए 10 हजार, 31 से 100 दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के लिए 25 हजार, 100 से 250 दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के लिए 50 हजार तथा 251 से अधिक दर्ज संख्या वाले विद्यालयों के लिए 75 हजार की राशि जारी की गई है। प्रति मिडिल स्कूल ईको क्लब के लिए 2500 रुपए और प्रायमरी स्कूल के लिए 1000 रुपए दिए जाने का प्रावधान है। इसी तरह प्रति विद्यालय 300 रुपए कम्युनिटी एवं 500 रुपए एसएमसी के लिए जारी की गई है। किन्तु युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जिन विद्यालयों का आपस में विलय किया गया है उनके लिए शाला अनुदान, इको क्लब, कम्यूनिटी, एसएमसी की राशि पृथक रूप से बढ़ी हुई छात्र संख्या के आधार पर जारी नहीं की गई है और न ही जिस शाला में मर्ज किया गया है वहां अतिरिक्त राशि दी गई है।*

# ई-रिक्शा सवार बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डीडीनगर थाना क्षेत्र के अग्रवाल मैरिज पैलेस के पास की घटना



+राजधानी में बदमाश पुलिस को लगातार चुनौती देते हुए चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। रविवार को उरला तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग चाकूबाजी की घटना हुई थी। उरला थाना क्षेत्र में प्रिंटिंग प्रेस में काम करने वाले व्यक्ति पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक नबालिग तथा एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। डीडीनगर थाना क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला करने के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

सनत यदु की शिकायत पर उरला पुलिस ने राजेश्वर नेता उर्फ गोपी तथा उसके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। सनत अपना काम ▶▶|शेष पेज 13 पर

### टहलने निकले युवक पर चाकू से हमला

एक अन्य घटना में डीडीनगर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा सवार चार अज्ञात बदमाशों ने चेतन निषाद नामक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया है। चेतन की बहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई रविवार को दोपहर खाना खाने के बाद पैटल टहलने निकला था। अग्रवाल मैरिज पैलेस के पास ई-रिक्शा में सवार होकर चार बदमाश उसके करीब पहुंचे। चारों युवक के चेहरे पर नकाब था। बदमाशों ने चेतन के पेट पर हमला कर दिया। चाकू से गंभीर रूप से घायल चेतन बदमाशों से बचने एक गली के अंदर घुस गया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। चेतन को गंभीर हालत में उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मौदहापारा संडे बाजार पहुंचा अमला, हटाए गए 40 फेरीवाले, फोटो आईडी जमा कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- समझाइश के बाद भी गलियों में सड़क घेरकर लगा रहे थे दुकान
- प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

राजधानी के मौदहापारा मुख्य मार्ग पर लगने वाले संडे बाजार में अतिक्रमण हटाने नगर निगम ने अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर कारोबार कर रहे 40 फेरीवालों को हटाया गया। इन सभी को अपनी वैध फोटो आईडी मौदहापारा थाने में जमा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर निगम जोन 2 या निगम मुख्यालय में संपर्क कर संडे बाजार में नियम अनुसार जगह आवंटन के लिए चर्चा करने कहा गया है। प्रशासन ने फेरीवालों को स्पष्ट रूप से ताकीद कर दी है कि केके रोड पर मौदहापारा मस्जिद से लेकर महावीर गोशाला तक सफेद लाइन के अंदर ही संडे बाजार लगाने की अनुमति है।

शहर के मौदहापारा में प्रति रविवार लगने वाले संडे बाजार में नगर निगम, पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद भी कुछ फेरी वाले जयराम कांप्लेक्स के पीछे वाली 2 गलियों में सड़क घेरकर दुकान लगा रहे थे, जिससे वहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती थी। इसे देखते हुए टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत ऐसे 40 फेरीवालों को वहां से हटाया गया। सभी फेरीवालों को समझाइश देते हुए नियमों का पालन करने कड़ी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ट्रैफिक जाम से मिलने लगी राहत आवाजाही सुगम

टीम प्रहरी अभियान के बाद मौदहापारा संडे बाजार मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुगम होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिली है, वहीं सड़क से अतिक्रमण हटने और सुबह से शाम तक मुख्य मार्ग में भीड़भाड़ के चलते आवाजाही प्रभावित होने की समस्या दूर होने लगी है। महापौर मीनल चौबे की पहल पर टीम प्रहरी अभियान में रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश और यातायात एसपी अजय कुमार, निगम आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पीडी धृतलहरे, आशुतोष सिंह, नगर निगम के बाजार विभाग और यातायात पुलिस तथा मौदहापारा थाना की टीम मौजूद रही।





## रविवार को 86 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

# नशे में मिले 86 वाहन चालक, इनमें बीएमडब्लू और ऑडी जैसी लग्जरी कार के मालिक भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दस दिन में 600 सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ कार्रवाई

हाई क्लास से लेकर मिडिल क्लास के लोगों के लिए नशा करने का प्रमुख केंद्र वीआईपी रोड स्थित होटल, क्लब, बार तथा ढाबा है। नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस तथा ट्रैफिक पुलिस की टीम ने रविवार को वीआईपी रोड सहित तेलीबांधा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर गाड़ियों की जांच कर 86 नशेड़ियों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा। जिन 86 नशेड़ियों को नशे की हालत में पुलिस ने गाड़ी चलाते पकड़ा है, उनमें तीन नशेड़ी ऑडी, बीएमडब्लू ▶▶|शेष पेज 13 पर



### लड़कियों ने मिन्नतें की, पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने दबाव

पुलिस ने रविवार को जो कार्रवाई की है, उनमें नशे की हालत में लड़कियां कार में सवार मिलीं। बावजूद इसके पुलिस ने किसी तरह की छूट देने के बजाय जिन कार में लड़कियां सवार थीं, उन कार पर भी कार्रवाई की। पुलिस कार्रवाई से बचने कई लड़कियां अपने साथ आए ब्वाय फ्रेंड के साथ लोक-लाज का हवाला देते हुए कार्रवाई नहीं करने मिन्नतें की। तीन नशे की हालत में लग्जरी कार चला रहे जिन चार से ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### चूड़ामणि बने प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव



**धरसींवा।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू ने बहुप्रतीक्षित प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ब्लाक धरसींवा के गुमा निवासी चूड़ामणि साहू को प्रदेश संगठन सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति श्री साहू की समाज के प्रति अटूट निष्ठा, उत्कृष्ट योगदान और संगठनात्मक कर्मठता को देखते हुए की गई है। गौरतलब है कि चूड़ामणि साहू का सामाजिक सफर उपलब्धियों भरा रहा है। वे इससे पूर्व प्रदेश साहू संघ व्यापारी प्रकोष्ठ के महामंत्री के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं, साथ ही तहसील साहू संघ धरसीवा के अध्यक्ष पद की बागडोर संभालते हुए उन्होंने समाज हित में कई उल्लेखनीय और ऐतिहासिक कार्य किए थे। उनके पिछले कार्यकाल के दौरान सामाजिक एकता को मिली मजबूती और उनकी सक्रिय कार्यशैली ने ही उन्हें आज प्रदेश स्तर की इस बड़ी जिम्मेदारी तक पहुँचाया है। अपनी इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए चूड़ामणि साहू ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू सहित समाज के वरिष्ठ जनों का हृदय से आभार प्रकट किया है।

### गणेश बने भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**आरंग।** वरिष्ठ भाजपा नेता गणेशराम साहू को प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य (सहकारिता प्रकोष्ठ) बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इसके पहले वे भाजपा रायपुर ग्रामीण जिले से सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रह चुके हैं एवं छ.ग. राज्य दुग्ध महासंघ (देवभोग) में निर्वाचित संचालक भी रहे हैं। सहकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से जुड़े रहकर वे पार्टी को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। गणेशराम साहू ने इस नई जिम्मेदारी के लिए भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, अपेक्स बैंक अध्यक्ष अशोक बजाज, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर विभिन्न सोसायटी अध्यक्ष देवनाथ साहू, ताराचंद तरक, संतोष चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, विष्णु साहू, दिनेश चंद्राकर, ओंकार साहू, लीलूराम साहू, गौतम साहू, जगेश्वर साहू, प्रकाश रात्रे, द्वारिका बंछोर, मानिक राम साहू, प्रहलाद साहू, सुरेन्द्र नशीने, संतोष चंद्राकर, पूनम साहू द्वारा गणेश साहू को प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य सहकारिता प्रकोष्ठ बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### रंगु राजवीर धीवर बने प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**आरंग।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी किसान कांग्रेस अखिलेश शुक्ला की सहमति से, प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत तथा छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गेंदू की अनुमति से प्रदेश संगठन में नई नियुक्तियां की गई हैं। राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार तथा राममोहन बरूवा एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के हस्ताक्षर से जारी आदेश के तहत प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में ग्राम कुरुद (मंदिरहसौद) निवासी रंगु राजवीर धीवर को छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान संगठनों में हर्ष का माहौल है।

# नवा रायपुर में ब्राह्मण समाज का होली मिलन व नारी शक्ति, सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवा रायपुर में रविवार को नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाया। इस अवसर पर समाज के सफल संचालन हेतु नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। संरक्षक मंडल में अरुण अवस्थी, समीक्षा पाठक, एस.के. झा, सुनीता झा, मुकेश त्रिपाठी, ए.पी. पांडेय एवं विष्णु दुबे को शामिल किया गया। समाज के अध्यक्ष पद पर डॉ. सूरज दुबे, संगठन सचिव के रूप में बिन्दु दुबे तथा कोषाध्यक्ष के रूप में आशा तिवारी को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश तिवारी, बी.एन. तिवारी एवं सुषमा स्थापक को नियुक्त किया गया। सह सचिव के रूप में दीपाली त्रिपाठी, शिवेश शुक्ला और सर्वेश शुक्ला तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती रश्मि उपाध्याय को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा युवा प्रभारी के रूप में अनुज दीक्षित एवं पं. विवेक मिश्रा को नियुक्त किया गया। महामंत्री के रूप में आवेश पांडेय, दीपेश गौतम, आनंद पांडेय, शकुन त्रिपाठी, शशि दुबे, नीतू ओझा एवं पवन तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। मीडिया प्रभारी के रूप में मनस्वी शर्मा, प्रमोद दुबे एवं राहुल राय तथा व्यवस्था प्रभारी के रूप में महेश तिवारी, सुनील दुबे (सेक्टर 29), अखिलेश ओझा एवं सुनील दुबे (सेक्टर 27) को दायित्व दिया गया। मास्टर ब्राह्मण के रूप में तनु त्रिपाठी को जिम्मेदारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। आयोजन में फूलों एवं हर्बल गुलाल से होली खेली गई तथा फाग गीतों की मधुर धुन पर सभी ने नृत्य कर पर्व का आनंद लिया।



### समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों का करेंगे सम्मान

महिला सम्मान समारोह के तहत समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें अनुराधा दुबे (अंतर्राष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट), शशि दुबे (शिक्षा क्षेत्र), डॉ. नीता शर्मा (होम्योपैथिक चिकित्सक), श्रेष्ठा तिवारी ओझा (चिकित्सक), आरती मिश्रा (व्यवसाय), जया लक्ष्मी तिवारी (पत्रकारिता), मंगला सोनटके (शिक्षा विभाग), मीरा शर्मा (योग विभाग), कमल कृष्ण प्रिया तिवारी (धार्मिक क्षेत्र), रूचि तिवारी (पत्रकारिता) एवं आविशी ओझा (खेल क्षेत्र) शामिल रहीं। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. सूरज कुमार दुबे ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नारी शक्तियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव बिन्दु दुबे ने किया तथा अंत में कोषाध्यक्ष आशा तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

## कार्रवाई : एसपी के निर्देश पर सड़क पर उतरी पुलिस

# सिलतरा में सोशल मीडिया के डिजिटल डॉन सहित 17 शातिर बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले जेल दाखिल

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में शांति व्यवस्था को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने अब तक का सबसे बड़ा और निर्णायक प्रहार किया है। 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत रविवार की पूरी रात सिलतरा पुलिस की टीम ने अतिरिक्त पुलिस बल लेकर सड़कों पर उतरकर सघन कॉम्बिंग गश्त की, जिसने न केवल अपराधियों की नींद उड़ा दी, बल्कि क्षेत्र में कानून का इकबाल भी बुलंद किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के कड़े तेवरों और स्पष्ट निर्देशों के बाद हुई इस कार्रवाई में कुल 17 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे पूरे औद्योगिक बेल्ट में हड़कंप मचा हुआ है। बता दे कि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने एक अभेद्य रणनीति तैयार की थी। वरिष्ठ अधिकारियों की कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह कंवर के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टुकड़ियों ने सांकरा, सिलतरा, धनेली और अकोली जैसे संवेदनशील गांवों की घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने उन ठिकानों पर दबिश दी जहाँ अपराधी अक्सर पनाह लेते थे। रात भर चली इस कार्रवाई की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने न केवल फरार वारंटियों को दबोचा, बल्कि उन 'सोशल मीडिया के स्वयंभू डॉनों' को भी बेनकाब किया जो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर दहशत का व्यापार कर रहे थे।



### कार्रवाई जारी रहेगी

राजेंद्र सिंह कंवर चौकी प्रभारी, सिलतरा ने कहा की क्षेत्र में शांति व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चलाए गए 'ऑपरेशन क्लीन' का उद्देश्य अपराधियों में कानून का डर पैदा करना और जनता में विश्वास जगाना है। हमने न केवल पुराने वारंटियों को पकड़ा है, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से दहशत फैलाने वाले युवाओं पर भी नकेल कसी है। सिलतरा और आसपास के गांवों में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



### पुराने वारंटी और सूचीबद्ध गुंडे भी गिरफ्त में

इस ऑपरेशन की सबसे चर्चित कड़ी पुनीत नौरंगे और सागर साह जैसे युवकों की गिरफ्तारी रही, जो खुद को सोशल मीडिया पर 'गैंगस्टर' के रूप में पेश कर रहे थे। ये 'डिजिटल बदमाश' धारदार हथियारों के साथ रील और फोटो पोस्ट कर आम जनता के बीच खौफ पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने इनके वर्चुअल साम्राज्य को ध्वस्त करते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि स्क्रीन पर हथियार लहराने वालों की असली जगह जेल की कालकोठरी ही है। इसके साथ ही, पुलिस ने लंबे समय से कानून की आँखों में धूल झोंक रहे स्थायी वारंटी शिव पारधी उर्फ गोड्डा को गिरफ्तार करने में भी बड़ी सफलता हासिल की। सूचीबद्ध गुंडा बदमाश युवराज सिंह ठाकुर और संदीप कुर्रे सहित फिरोज बारले, आकाश मनहर और अन्य कुल 17 आरोपियों पर विभिन्न प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की गई है। चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह कंवर ने इस बड़ी सफलता के बाद कहा कि क्षेत्र में गुंडागर्दी और अशांति फैलाने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए चेतावनी दी कि अपराध की राह चुनने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसी ही कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस मुस्तैदी ने आम जनता के बीच सुरक्षा के भाव को पुनः स्थापित किया है, वहीं सिलतरा के औद्योगिक गलियारों में अब शांति का माहौल है और अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ साफ देखा जा सकता है।

## मोहमेला रेत खदान में एनओसी रोकने और अवैध वसूली का आरोप, ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

महानदी के किनारे बसे ग्राम मोहमेला पर मनमानी के गंभीर आरोप लगे हैं। मोहमेला रेत खदान संचालित करने के लिए लाइसेंसधारी को ग्राम पंचायत से एनओसी नहीं दिए जाने का आरोप है। इस बीच एक ऑडियो वायरल हो हुआ, जिसमें रेत खदान में मशीन लोडिंग के रेट की बात कही जा रही है। लिखित शिकायत में रेत खदान में अवैध उत्खनन के कारोबार को संरक्षण देने का भी आरोप है। जानकारी के मुताबिक, सरोज नेताम ने वर्ष 2023-2024 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी रेत टेंडर की प्रक्रिया में भाग लिया था। टेंडर के माध्यम से रेत खदान मोहमेला के लिए लायसेंस स्वीकृत किया गया, संचालन के लिए ग्राम पंचायत से एनओसी मांगी गई, लेकिन संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। सरोज ने आरोप लगाया कि पंचायत की मंशा रेत खदान में कारोबार को सरंक्षण देने और अवैध रेत का कारोबार करने की है। अभी तक ट्रेक्टर का इस्तेमाल हो रहा था, लेकिन अब पोकलेन मशीन और जेसीबी से हाईवा लोड किया जा रहा है। सरपंच सचिव प्रति हाइवा (गाड़ी) का 3000 रुपए अवैध रूप से वसूली कर राजस्व को हानी पहुंचा रहे हैं। वायरल ऑडियो में मोहमेला रेत खदान में मशीन से रेत लोडिंग और वाहनों के लोडिंग दर की बात कही जा रही है। साथ ही समय शाम 06 से सुबह 06 बजे तक रेत लोडिंग की बात का जिक्र हो रहा है, जबकि शासन के नियमानुसार इस वक्त रेत उत्खनन पर प्रतिबंधित होता है। एक व्यक्ति कथित तौर पर कहते हुए सुनाई दे रहा है कि मोहमेला के अंदर नदी के अंदर मशीन लोडिंग किया जा रहा है। जिसमें 12 चक्का 7000 रुपए, 10 चक्का 5500 में लोड किया जा रहा है। जिन्हें भी रेत की आवश्यकता हो समय का ध्यान रखे। मोहमेला रेत खदान की लाइसेंसधारी सरोज नेताम ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रायपुर कलेक्टर, खनिज अधिकारी, आरंग एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी आरंग को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में बताया कि उन्हें लोगों से बार-बार ट्रेक्टर के माध्यम से सरंपच, ग्राम पंचायत और सचिव द्वारा रेत का अवैध कारोबार जाने की सूचना दी गई। सरंपच 800 रुपए प्रति टेक्टर के हिसाब से अवैध वसूली कर रहा है। इसकी शिकायत के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसके बाद बताया गया कि अब पोकलेन मशीन और जेसीबी को रेत घाट पर उतार कर हाईवा लोड किया जा रहा है। पंचायत सदस्यों और सरपंच सचिव 3000 रुपए प्रति हाइवा (गाड़ी) के रूप में वसूली कर रहे हैं, यह सीधे तौर पर सरकार के राजस्व की चोरी हो रही है।



# खंडवा में मानसगान और लोक उत्सव का समापन

**अभनपुर।** नया रायपुर के समीप ग्राम खंडवा में होली एवं चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर तीन दिवसीय मानसगान, रामधुनी एवं लोक उत्सव का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में लगातार तीन दिनों तक रामचरितमानस की मधुर ध्वनि, भक्ति संगीत और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की आकर्षक झलक देखने को मिली, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्र राजिम, आरंग, नया रायपुर, राजनांदगांव और कुरूद से ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों और लोक कलाकारों ने भाग लेकर अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मानसगान और लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के अंतिम दिन 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम की महिलाओं का आयोजन समिति द्वारा सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम में सामाजिक सम्मान और जागरूकता का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर अभनपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, अनिल अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार तारवानी, जनपद सदस्य संतराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश भारती तथा उपसरपंच गजेंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से संजय मिश्रा, तुलसी राम यादव, ईश्वरी वर्मा, रेखराम यादव, जितेंद्र साहू, कमलेश वर्मा, कोमल वर्मा, हरिलाल पटेल, अपील साहू, अवध यादव, भीखम वर्मा, कतरीका ध्रुव, नंदलाल वर्मा, हरिशंकर, गौरव, छोटू, अजय, राजेंद्र, मनीष, तुकेश, आर्यन, रामकुमार, हूलेश, ललित, होरीलाल, तिलक, हरि, गीता, दुर्गा और संगीता सहित अनेक लोगों का विशेष योगदान रहा।



## तलवार और चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**अभनपुर।** बस स्टैंड अभनपुर क्षेत्र में चाकू एवं तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले दो बदमाशों को अभनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देश पर अभनपुर थाना क्षेत्र में किरायेदारों की जांच का अभियान चलाया जा रहा है।



इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक बस स्टैंड अभनपुर में चाकू एवं तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम आकाश कुमार साहू उम्र 28 वर्ष पिता स्व. नंदलाल साहू निवासी सूर्य नगर डबरा पारा गुढियारी,पकंज बैरागी उम्र 24 वर्ष पिता श्यामदास बैरागी निवासी सूर्य नगर डबरा पारा गुढियारी दोनो आरोपी का हाल पता अटल आवास बेलभाठा बताया गया दोनो के कब्जे से लोहे की धारदार तलवार एवं चाकू बरामद किया गया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पूर्व में भी थाना गुढियारी क्षेत्र के कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

## लक्ष्मी वर्मा के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**तिल्दा नेवरा।** भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को छत्तीसगढ़ से निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओ में भारी हर्ष है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिल्दा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल के कार्यालय के सामने जमकर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

महेश अग्रवाल ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सांसद बनने से भाजपा के कार्यकर्ता में खुशी और उतसाह है। उन्होंने कहा लक्ष्मी वर्मा दबंगता के साथ क्षेत्र की समस्याओं को उच्च सदन के पटल पर रखेंगी जिसका लाभ पूरे छत्तीसगढ़ को मिलेगा। भाजपा के युवा नेता दीपक शर्मा, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण के मंत्री विकास कोटवानी ,भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम पंजवानी,घनश्याम अग्रवाल .युवा नेता सौरभ शर्मा. पार्षद रानी जैन, भाजपा शहर के पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश रिंकू अग्रवाल, सुंदर दास पंजवानी, सुदेश जैन, आदि नेताओं ने लक्ष्मी वर्मा के छत्तीसगढ़ से निरविरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर उन्हें शुभकामनाएं देते कहा हमे विश्वास है कि श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी अपने अनुभव, समर्पण और जनसेवा की भावना के साथ राज्यसभा में छत्तीसगढ़ के हितों को सशक्त रूप से रखकर प्रदेश के विकास, महिला सशक्तिकरण और समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को नई दिशा देने का कार्य करेंगी। सैकड़ो कार्यकर्ता पहले से ही लक्ष्मी वर्मा का स्वागत करने रायपुर एकात्म परिसर पहुंच गए थे।

## विधायक शर्मा की पहल पर 3 करोड़ रुपए के इंडोर स्टेडियम को मंजूरी

**सिलयारी।** खरोरा क्षेत्र के खेल प्रेमियों और स्थानीय खिलाड़ियों के लिए यह समय ऐतिहासिक उपलब्धियों वाला है। धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा के सतत प्रयासों और जनहितकारी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ शासन के बजट 2026-27 में खरोरा में खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु एक बड़ी राशि को मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्र में खेल सुविधाओं के एक नए युग की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और खेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने खरोरा की इस जरूरत को समझा क्योंकि खरोरा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे एवं अभ्यास के लिए दूसरे स्थान पर जाना पड़ता था। 3 करोड़ की लागत से बनने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर से न केवल स्थानीय युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि वे राष्ट्रीय स्तर पर खरोरा और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर सकेंगे। मैं हमेशा कहता हूँ कि किसी भी क्षेत्र की असली पहचान वहां के युवाओं के पसीने और उनकी प्रतिभा से होती है।

# पायलट से लेकर फिल्म एक्ट्रेस तक ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- 21 से अधिक विदुषी महिलाएं सम्मानित

सोमवार को आजीविका ग्राम संगठन, ग्राम पंचायत एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के संयुक्त संयोजन में स्कूल प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें नवाचारी शिक्षक महेन्द्र पटेल की पहल पर अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर से पधारे पायलट ओ. के. तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, आरंग से नरेंद्र द्विवेदी, पुराविद् डॉ. शुभ्रा रजक तिवारी, सीआरपीएफ कैंप भिलाई से डॉक्टर इंदु वशिष्ठ, अधिवक्ता श्रीमती रीति शर्मा सोनपिपरे, गृहिणी श्रीमती सुषमा तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि श्रीमती नीरा देवशरण धीवर, छत्तीसगढ़ी फिल्म एक्ट्रेस सुश्री रिचा शर्मा, सुधा देवदास, नेत्र सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा वर्मा, प्रधान पाठिका डार्थी तांडी, नवाचारी शिक्षिका तृप्ति शर्मा, एन.एम. उमा साहू, समाजसेवी श्रद्धा रजक अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजीविका ग्राम संगठन अध्यक्ष श्रीमती शकुन चंद्राकर ने की। इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र से पहुंची सभी महिलाओं ने अपना-अपना अनुभव साझा करते हुए महिलाओं को प्रेरित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति सम्मान पहल की मुक्त कंठ से सराहना की।




### महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही

वहीं बीईओ दिनेश शर्मा ने अलग-अलग क्षेत्र की विदुषी महिलाओं को आमंत्रित करने वाली पहल की सराहना करते हुए कहा कि नारी आज हर क्षेत्र में आगे है। नारी शक्ति का दूसरा रूप है। माताएं बच्चों के साथ ज्यादातर समय व्यतीत करती हैं, इसलिए बच्चों के आचरण और संस्कारों पर माताओं का अधिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए माताओं को सजग रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं पायलट तिवारी जी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं, बल्कि कई क्षेत्रों में पुरुष भी पीछे रह गए हैं। कार्यक्रम के आयोजन व संयोजन में अहम भूमिका शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, आजीविका ग्राम संगठन अध्यक्ष शकुन चंद्राकर, सरपंच देवशरण धीवर, प्रधान पाठक के. के. परमाल, शिक्षिका संगीता पाटले, प्रभा धीवर, शिक्षक दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, देवकी चंद्राकर, अर्चना साहू, सरस्वती धीवर का रहा।

:: आम सूचना ::

वाके मौजा ग्राम जरौद प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं. 1278 रकबा 0.2500 हे. एवं खसरा नं. 1280 रकबा 0.1200 हे. कृषि भूमि बिक्री के संबंध में।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता अनंदी पिता दशरू एवं कुमारी पिता दशरू एवं केजा बेवा दशरू जाति तेली निवासी जरौद वाले के नाम से वाके मौजा जरौद प.ह.नं. 31 रा. नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. में खसरा नं. 1278 रकबा 0.2500 हे. एवं खसरा नं. 1280 रकबा 0.1200 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा। सो सूचना जानें,

आरंग छ.ग. दिनांक 09/03/2026

**के. के. गुप्ता अधिवक्ता**
**इंदिरा चौक आरंग जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 94252.28796, 7974662256**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)
आरंग जिला - रायपुर(छ.ग.)

**सूचना का प्रकाशन**

रा. प्र.क्रमांक 202507112400031
अ / 12 वर्ष 2024-25
पक्षकार मनोहर दास टंडन वि. निलेश गेंड्रे
ग्राम कुलीपोटा तहसील आरंग
जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति,
**श्री निलेश गेंड्रे पिता श्री प्रवीण कुमार गेंड्रे, निवासी कुलीपोटा तहसील आरंग जिला रायपुर**

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तसीगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202507112400031 अ / 12 वर्ष 2024-25 में दिनांक 24/03/2026 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उतरवादी की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// फर्द प्रकाशन //**

क्रमांक / / वा/अति.तह. / 2026
खोरपा, दिनांक 09/03/2026
ग्राम- कोलर

इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक 202510116300007/ अ-27 / 2025-26 आवेदक गोपीकृष्ण चन्द्राकर पिता स्व. श्री बुद्धेश्वर प्रसाद चन्द्राकर निवासी ग्राम कोलर उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा में गोपी पिता बुद्धेश्वर के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 210/3, रकबा 10.59 हे. भूमि का खाता विभाजन हेतु प्रस्तुत आवेदन में इस न्यायालय के आदेशानुसार वाद खाते की भूमि का खाता विभाजन हेतु हल्का पटवारी नं. 10 ग्राम कोलर से प्राप्त फर्द बंटवारा सूची, चिन्हाकिंत नक्शा संलग्न है। हल्का पटवारी फर्द प्रतिवेदन अनुसार पक्षकार क्रमांक 01 गोपी प्रसाद पिता बुद्धेश्वर को खसरा नंबर 210/3 का भाग रकबा 5.19 हे., पक्षकार क्रमांक 02 पुष्पा चंद्राकर पति गोपी प्रसाद को खसरा नंबर 210/3 का भाग रकबा 1.80 हे०, पक्षकार क्रमांक 03 हर्षा चन्द्राकर पिता गोपी प्रसाद को खसरा नंबर 210/3 का भाग रकबा 1.80 हे०, पक्षकार क्रमांक 04 सागर चन्द्राकर पिता गोपी प्रसाद को खसरा नंबर 210/3 का भाग रकबा 1.80 हे. भूमि प्राप्त हुआ है।

हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा अनुसार खाता विभाजन की कार्यवाही किये जाने पर किसी पक्षकार को कोई उजर या आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में दिनांक 18.03.2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तारीख तक आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यह माना जावेगा कि किसी पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है एवं फर्द प्रतिवेदन अनुसार खाता विभाजन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

अस्तु आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे द्वारा हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**

## उप मुख्यमंत्री साव के विभागों के लिए 14,655 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें पारित

# 'हमने बनाया हम ही संवारेंगे' सरकार का लक्ष्य नीतियां बनाना ही नहीं परिणाम तक ले जाना: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार ने बनाया है और इसे संवारने का काम भी हम ही करेंगे। संकल्प थीम पर आधारित बजट का उल्लेख करते हुए कहा, सरकार का काम केवल नीतियां बनाना ही नहीं, अपितु उसे परिणाम तक ले जाना है। 25 साल में राज्य के लोगों ने दो तरह की सरकार देखी है और उन्हें 8 और 17 साल वाली सरकार का फर्क मालूम है।

अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों द्वारा गिनाई गई कमियां दिए गए सुझाव और मांगों का जवाब देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, सत्ता में बैठे लोगों की सोच अच्छी होती है, तो योजनाएं भी जनकल्याणकारी बनाई जाती हैं। 11 साल के कार्यकाल में देश के आम जीवन में हुए परिवर्तन और 4 करोड़ लोगों को पक्का मकान यह बताता है कि सत्ता में बैठे लोगों की नीयत कैसी है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने 25 साल में दो तरह की सरकार देखी है और उन्हें यह फर्क मालूम है कि सरकार किस योजना के तहत काम करती है। प्रस्तुत बजट राज्य के भविष्य, हर वर्ग की चिंता की गई है। हमने पहले साल ज्ञान, दूसरे साल गति और इस साल संकल्प की थीम पर बजट प्रस्तुत किया है। सरकार के ये तीनों बजट जन कल्याण और जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। मोदी की एक-एक गारंटी को पहले दिन से पूरा करने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में लोग दूर से पानी लेकर आते थे मगर आपने 2019 की जल जीवन मिशन को 2021 तक रोके रखा। भाजपा सरकार आने के बाद इसमें काम शुरू हुआ और ढाई साल में 332 योजनाओं को मंजूरी दी गई।

### *ढाई साल में 5077 पानी की टंकियां*

*उप मुख्यमंत्री साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करने के लिए राज्य के बजट से पूरा सहयोग मिल रहा है। कार्यों का कड़ाई से मूल्यांकन करते हुए पारदर्शिता के साथ निर्माण एजेंसियों को भुगतान किया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में 5077 टंकियां बनाई गई है, गांव के सभी घरों में नल से पानी पहुंचने वाले 5028 से अधिक गांवों को हर घर जल प्रमाणित कराया गया है।*





■ अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव का संबोधन

### फ्लाईओवर में राजधानी को प्राथमिकता

लोक निर्माण विभाग के आगामी बजट में सड़कों, पुलों एवं भवनों के निर्माण तथा मरम्मत के लिए 9451 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में राजधानी रायपुर में महत्वपूर्ण जंक्शनों पर फ्लाईओव्हरों के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इन फ्लाईओव्हरों के निर्माण से शहर का यातायात सुगम होगा एवं जाम से मुक्ति मिलेगी। सड़क सुरक्षा कार्यों तथा दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकार ने 51 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है।

### गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए 909 करोड़

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री साव ने कहा, आगामी वर्ष के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 तथा गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए 909 करोड़ 50 लाख रुपए एवं स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के लिए 467 करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2026-27 के बजट में मिशन अमृत 2.0 के लिए 512 करोड़ रुपए, पीएम ई-बस सेवा योजना के लिए 30 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के लिए 450 करोड़ रुपए तथा नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान हैं।

### सीएम खेल उत्कर्ष मिशन के लिए 100 करोड़

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आगामी वर्ष के बजट प्रावधानों के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन के लिए 100 करोड़ रुपए, छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना के लिए 57 करोड़ रुपए, युवा रत्न सम्मान योजना के लिए 1.50 करोड़ रुपए तथा खेल अकादमियों के लिए 15 करोड़ एक लाख रुपए के प्रावधान किए गए हैं। राज्य युवा महोत्सव, बस्तर ओलंपिक तथा सरगुजा ओलंपिक के लिए 5-5 करोड़ रुपए का प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से आयोजित बस्तर ओलंपिक बदलते बस्तर की नई तस्वीर पेश कर रहा है।

## लखमा बोले- जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया, कौन पटाएगा उनका कर्ज?



विधानसभा में बजट सत्र के दौरान धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने मंत्री दयालदास बघेल को घेरा। विपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा, सरकार धान खरीदी के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। कवासी लखमा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के 32 हजार से अधिक किसानों का धान नहीं खरीदे जाने पर कहा, जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया है, उनका कर्जा कौन पटाएगा? मंत्री से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया।

विधायक लखेश्वर बघेल और कवासी लखमा ने प्रश्नकाल में वर्ष 2025-26 में हुई धान खरीदी और उसके उठाव का मुद्दा उठाते हुए कहा, धान खरीदी के संबंध में जो जानकारी दी गई है, उसमें धान खरीदी कब शुरू हुई और किस्त का भी उल्लेख करेंगे? इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि बस्तर संभाग में कुल 46846.86, बीजापुर में 21888.59, दंतेवाड़ा में 9757, कांकेर में 147528.3, कोंडागांव में 58911.78, नारायणपुर में 17383.06 और सुकमा में 16608.14 मीट्रिक टन धान का कुल उठाव किया गया है। विधायक लखेश्वर ने कहा, किसान लगातार एसडीएम कार्यालय और हर जगह चक्कर काट रहा है। सबसे बड़ा घोटाला धान खरीदी में हो रहा है, कोई पानी डाल रहा है, तो कोई ईंट खरीद रहा है। इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। कितने किसानों को वनाधिकार संख्या जारी है, और कितने ऋणधारी हैं? इस पर मंत्री ने बताया कि जितना धान अभी बिका है, वह किसी भी वर्ष नहीं बिका है।

### कांग्रेस सरकार में भी ऋणी किसानों का धान नहीं खरीदा गया : भूपेश



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पूछा कि बस्तर के कितने किसान हैं, जिनका दूसरा टोकन कटा है, लेकिन धान नहीं बेच सके? ऐसे कितने ऋणी किसान हैं, जिनका टोकन कटा फिर भी धान नहीं बेच सके? जो किसान ऋणी हैं, उनका धान खरीदेंगे क्या या उनका कर्जा माफ करेंगे? सवाल के जवाब में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, कांग्रेस सरकार में भी ऋणी किसानों का धान नहीं खरीदा गया था।

### जो किसान धान लेकर पहुंचे उनसे खरीदी: दयालदास



पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने पूछा कि बस्तर संभाग के आदिवासी 32200 से ज्यादा किसानों से धान खरीदी क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि किसानों का धान खरीदा जाएगा या किसानों का कर्जा चुकाया जाएगा। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, जो किसानों धान खरीदी केंद्र तक धान लेकर पहुंचे थे, उनका धान हमने खरीदा है, जो नहीं पहुंचे उनका धान नहीं खरीदा गया।

### *कर्जा लेने वाले किसानों का क्या होगा : लखमा*

*लखमा ने कहा, किसानों का पंजीयन हुआ, टोकन कटा, लेकिन उसके बाद भी किसान से धान नहीं खरीदा गया। बस्तर के किसानों को धान का 206 करोड़ रुपया मिलना था, उन किसानों का अब क्या होगा? किसानों ने कर्जा लिया है, उसको कौन पटाएगा। खाद्य मंत्री ने कहा, जो भी किसान ऋण लेता है, उसका धान खरीदा जाता है पर धान खरीदा उनका जाता है, जो खरीदी केंद्र तक आते हैं।*

## खबर संक्षेप



### प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने किया कला केंद्र और नालंदा लाइब्रेरी का भ्रमण

**रायपुर।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लाबसना) के वर्ष 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की विंटर स्टडी टीम ने आज रायपुर स्थित कलाकेंद्र और नालंदा लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने यहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा। कलाकेंद्र में प्रशिक्षु अधिकारियों ने संगीत, नृत्य और अन्य कला विधाओं के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण को नजदीक से देखा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों से बात कर जानकारी ली। भ्रमण के दौरान रिकॉर्डिंग रूम का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के थीम सॉन्ग की रिकॉर्डिंग भी की। इसके पश्चात प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के दल ने नालंदा लाइब्रेरी का दौरा किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनसे संवाद किया तथा उनके प्रश्नों और शंकाओं का समाधान किया। अधिकारियों ने लाइब्रेरी की सुविधाओं और अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बिहार के पर्यवेक्षक नियुक्त

**रायपुर।** प्रदेश के भाजपा संगठन ने विभिन्न राज्यों में होने वाले



राज्यसभा चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसी के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को भी बिहार का ही केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में 17 मार्च से आनंद मेला

**रायपुर।** राजेंद्र नगर, अमलीडीह एवं महावीर नगर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में दिव्य झूलेलाल प्रतिमा स्थल पर 17-18 मार्च को दो दिवसीय आनंद मेला लगाया जा रहा है। इसके पूर्व 16 मार्च को गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। राम पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि वरुण अवतार भगवान झूलेलाल साईं के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चेट्रीचंड्र महोत्सव के अंतर्गत दो दिनों तक सिंधुजनों द्वारा आनंद मेले में विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

# पीएम आवास योजना : लागत बढ़ने पर निकायों को खुद जुटाना होगा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी घटक) के संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। मामला दरअसल ये है कि कई निकायों में मूल अनुबंध के शेष कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं में प्राप्त दरें, पुरानी स्वीकृत दरों से अधिक आ रही हैं। इस संबंध में निकायों से कहा गया है कि यदि शेष कार्यों के लिए प्राप्त निविदा दर (प्रति आवास लागत), मूल कार्य के अनुबंध की दर से अधिक होती है, तो अतिरिक्त राशि का वहन संबंधित नगरीय निकाय को अपने स्वयं के संसाधनों या हितग्राही अंशदान से करना होगा ।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 'भागीदारी में किफायती आवास निर्माण' घटक को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं । यह आदेश मंत्रालय द्वारा प्रदेश के सभी नगर पालिक निगमों, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई चरौदा, रिसाली, राजनांदगांव, धमतरी, जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा के आयुक्तों और नगर पालिका परिषद आरंग व दंतेवाड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजा है ।

**राज्य के सभी निगम आयुक्तों के लिए जारी हुआ आदेश**




### पुरानी स्वीकृत दरों से अधिक की निविदा

आदेश में कहा गया है कि शासन के संज्ञान में यह आया है कि कई निकायों में मूल अनुबंध के शेष कार्यों के लिए आमंत्रित निविदाओं में प्राप्त दरें, पुराने स्वीकृत दरों से अधिक आ रही हैं । इस विसंगति को देखते हुए सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि शेष कार्यों के लिए प्राप्त निविदा दर (प्रति आवास लागत), मूल कार्य के अनुबंध की दर से अधिक होती है, तो अतिरिक्त राशि का वहन संबंधित नगरीय निकाय को अपने स्वयं के संसाधनों या हितग्राही अंशदान से करना होगा । निकायों को इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्ताव के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा ।

### *ये हैं अनिवार्य शर्तें*

*प्रस्तावों के अनुमोदन के लिए शासन ने तीन प्रमुख शर्तें रखी हैं, शेष कार्यों के लिए चयनित हितग्राहियों की पूरी सत्यापित सूची जमा करनी होगी । शत-प्रतिशत व्यवस्थापनः योजना के तहत पहले से पूर्ण किए जा चुके आवासों में शत-प्रतिशत कब्जा या व्यवस्थापन दे दिया गया है, इसका प्रमाण-पत्र देना होगा । यदि व्यवस्थापन पूर्ण नहीं है, तो उसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर लेने का वचन पत्र या प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य है ।*

## छत्तीसगढ़ ने केंद्र से मांगी 15वें वित्त आयोग के तहत नॉन-मिलियन प्लस शहरों के लिए ग्रांट की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने केंद्र सरकार के हाउसिंग और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर 15वें फाइनेंस कमीशन के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए नॉन-मिलियन प्लस शहरों के लिए टाइड और अनटाइड ग्रांट जारी करने का आग्रह किया है। खास बात ये है कि इसी पत्र में बताया गया है कि कई निकायों को सिटीफाइनेंस पोर्टल पर प्रॉपर्टी टैक्स फॉर्म में जानकारी डालते समय तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, यह भी कहा गया है कि 17 नई बनी अर्बन लोकल बॉडीज़ (स्थानीय निकाय) को छूट दी जाए और ग्रांट का एलोकेशन उसी हिसाब से प्रोसेस किया जाए।



■ कई निकायों में ऑनलाइन प्रोसेस में तकनीकी दिक्कतें भी

■ 17 नए बने निकायों के लिए केंद्र से मांगी छूट

### ये है मामला

केंद्र सरकार के हाउसिंग और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 15वें फाइनेंस कमीशन के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए नॉन-मिलियन प्लस शहरों के लिए टाइड और अनटाइड ग्रांट जारी करने के संबंध में सभी राज्यों से 15वें फाइनेंस कमीशन के तहत 10 मार्च 2026 तक प्रपोज़ल जमा करने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध में राज्य सरकार ने केंद्रीय मंत्रालय को सूचित किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य की शहरी लोकल बॉडीज़ ने फाइनेंशियल ईयर 2025-26 के लिए नॉन-मिलियन प्लस शहरों के लिए टाइड और अनटाइड ग्रांट जारी करने के लिए ज़रूरी कम्प्लायंसेस पूरी कर ली हैं। इसका ब्योरा भी पत्र के साथ भेजा गया है।

### निकायों को आ रही है ये तकनीकी दिक्कत

पत्र में यह भी बताया गया है कि कुछ अर्बन लोकल बॉडीज़, जैसे नगर पंचायत माना कैंप, नगर पंचायत रोहासी, और नगर पंचायत कोपरा, को सिटीफाइनेंस पोर्टल पर प्रॉपर्टी टैक्स फॉर्म में जानकारी डालते समय टेक्निकल दिक्कतें आ रही हैं। इन अर्बन लोकल बॉडीज़ की बार-बार कोशिशों के बाद भी, टेक्निकल दिक्कतें हल नहीं हो पाईं। इसलिए, संबंधित प्रॉपर्टी टैक्स फॉर्म ऑफलाइन जमा किए जा रहे हैं।

### 17 निकायों के लिए मांगी ये छूट

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने केंद्र को भेजे गए पत्र में राज्य के 17 नए नगरीय निकायों के लिए छूट मांगी है। इस संबंध में कहा गया है कि राज्य में 17 अर्बन लोकल बॉडीज नई बनी हैं। इन अर्बन लोकल बॉडीज में पहले चुनाव और पहली काउंसिल मीटिंग जनवरी 2025 से 31मार्च 2025 के बीच पूरी हुईं। इन नई बनी अर्बन लोकल बॉडीज़ में सीमित इंस्टीट्यूशनल और फाइनेंशियल रिसोर्स होने की वजह से, प्रॉपर्टी टैक्स का कलेक्शन फाइनेंशियल ईयर 2025-26 से ही शुरू हुआ है, और इसलिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन ज़ीरो है। इसे देखते हुए, यह आग्रह किया गया है कि प्रॉपर्टी टैक्स कंप्लायंस कंडीशन को ध्यान में रखते हुए, 17 नई बनी अर्बन लोकल बॉडीज़ को छूट दी जाए, और ग्रांट का एलोकेशन उसी हिसाब से प्रोसेस किया जाए।

### साहित्यकार डॉ. वर्मा को मुंशी प्रेमचंद सम्मान



**रायपुर।** राष्ट्रीय पत्रिका तथागत संदेश द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में रविवार को सम्मान समारोह एवं वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में भिलाई नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा को उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद सम्मान 2026 दिया गया।

छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद रायपुर के तत्वावधान में हुए इस समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर के संभागायुक्त महादेव कावरे, अतिथि पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग बीएल ठाकुर, रिटायर्ड आईएएस दिलीप वासनीकर, डॉ. जेआर सोनी, दिल्ली विवि के प्रोफेसर डॉ. रतनलाल, शत्रुहन साहू, सुनील रामटेके का वक्तव्य भी उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर डॉ. आरके सुखदेवे लिखित पुस्तक संत गुरु घासीदास और उनका दर्शन पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में भिलाई से शिक्षाविद स्मिता वर्मा, नीतीश कुमार भी शामिल हुए। सम्मान स्वरूप विशेष पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह-अभिनंदन पत्र और नकद राशि भेंट कर डॉ. सुखदेवे एवं अतिथियों ने डॉ. वर्मा को सम्मानित किया।

## यूपीएससी के लिए सरकारी कोचिंग सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




**तीन साल में एक ही पास हो पाया मेंस में**
**तीन साल में कुल मिलाकर 7 ही हो पाए सफल**

छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकार ने कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए एक संवेदनशील कदम उठाते हुए राजीव युवा उत्थान योजना बनाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली में कोचिंग की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन इस बेहतरीन प्रयास का लाभ अभ्यर्थी नहीं उठा पर रहे हैं। हालत ये है कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में तीन साल में केवल एक अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में पास हो सका है। यही नहीं, सीजीपीएससी में केवल चार ही पास हो सके, अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पास होने वालों की संख्या महज 2 तक ही पहुंच पाई।

राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना के तहत राजीव युवा उत्थान योजना का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में इस योजना का नाम युवा कैरियर निर्माण योजना था। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग तथा राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा, बैंकिंग परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, सीजी व्यापमं, तथा अन्य संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पात्रता रखने वाले प्रतिभावान एससी एसटी, ओबीसी वर्ग के युवाओं को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण देकर प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जाता है।

### कितनों को मिली सफलता

सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए योजना के तहत द्वारका नई दिल्ली में ट्रायबल यूथ हॉस्टल का संचालन किया जा रहा है, यह संस्था पूरी तरह आवासीय है। इस योजना के पिछले साल 2024-25 में कुल 200 सीट स्वीकृत की गई थी। इसमें ड्रापर और रिपीटर के लिए15 सीटें शामिल है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि योजना का लाभ कितने लोग उठा पाए हैं। इसका हिसाब पिछले तीन साल के आंकड़ों से साफ होता है। वर्ष 2022-23 से लेकर 2025 तक 82 लोगों ने प्रवेश लिया। इनमें से यूपीएसी की प्रारंभिक परीक्षा में 12 लोग पास हो पाए। यूपीएससी की मुख्य परीक्षा में केवल एक पास हो पाया। सीजीपीएससी में चार लोगों का चयन हुआ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में दो लोग ही चुने जा सके। इस तरह इन परीक्षाओं में कुल मिलाकर तीन साल में सात लोग ही सफल हो पाए हैं।

## टिकट के लिए सौदेबाजी ही कांग्रेस का असली चरित्र : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने हरियाणा महिला कांग्रेस की जनरल सेक्रेटरी और उनके पति के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के दृष्टिगत कहा, इस वीडियो ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी में योग्यता और निष्ठा की कोई जगह नहीं है और वहां केवल टिकटों की 'नीलामी' होती है। टिकट के लिए सौदेबाजी ही कांग्रेस का असली चरित्र है।

श्री कश्यप ने कहा, हरियाणा का यह वीडियो कोई अपवाद नहीं है, बल्कि कांग्रेस की कार्यसंस्कृति का हिस्सा है। कांग्रेस का मोहब्बत की दुकान का नारा दरअसल टिकट की दुकान में बदल चुका है। हरियाणा महिला कांग्रेस की पदाधिकारी ही जब टिकट के बदले लेन-देन की बात सार्वजनिक कर रही हैं, तो समझा जा सकता है कि शीर्ष नेतृत्व किस कदर भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। श्री कश्यप ने कहा, यह बीमारी केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने ही पार्टी नेतृत्व पर टिकट बेचने के गंभीर आरोप लगाए थे। श्री कश्यप ने कहा, पिछले चुनाव के समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस के भीतर कई दावेदारों ने खुले मंच से कहा था कि जमीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर केवल पैसे वालों को तवज्जो दी गई। जब पार्टी का राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ही वसूली में लगा हो, तो वहां जनता के विकास की बात करना बेमानी है।

## कांग्रेस ने बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटी के गठन के लिए नियुक्त किए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटी के गठन के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है।

इस कड़ी में पूर्व विधायक अरुण वोरा को रायपुर शहर और कन्हैया अग्रवाल को बलौदा बाजार व सुबोध हरितवाल को बिलासपुर शहर और शैलेश नीतिन त्रिवेदी को ग्रामीण का प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के सभी 41 संगठन जिलों के लिए विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा के बाद संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत समस्त बूथ, पंचायत एवं वार्डों में संगठनात्मक ढांचा पूर्ण किये जाने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलेवार प्रभारी की नियुक्ति की है। नियुक्त प्रभारियों से कहा गया है कि प्रभारी पदाधिकारी अपने, प्रभार जिले में दौरा कर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी को निर्देशित करें कि वे ब्लाक स्तर पर ब्लाक प्रभारियों का गठन करें। साथ ही, जिले के प्रमुख नेता, विधायक, पूर्व विधायकों को बूथ कमेटी बनाने की जिम्मेदारी दिया जाए।

ब्लाक अध्यक्षों को निर्देशित किया जाए कि, वे मंडल स्तर पर प्रभारी नियुक्त करेंगे। बूथ कमेटी का गठन उसी बूथ में बैठक कर बूथ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया जाए। गठन प्रक्रिया में उदयपुर नवसंकल्प शिविर में पारित प्रस्ताव का अनुपालन किया जाना है।



■ रायपुर शहर अरुण, बिलासपुर शहर की जिम्मेदारी सुबोध को

# फरवरी में ही सूख गई कई गांवों की नहरें, जलस्तर भी गिरा, ग्रामीण-किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


अलग खबर

गर्मी का सीजन शुरू हुए कुछ हफ्ते ही हुए हैं, लेकिन पानी की समस्या ने अभी से कई गांव में विकराल रूप ले लिया है। रायपुर और अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मुजगहन, सेजबहार, दतरेंगा, डोमा, बनरसी, छछानपैरी, सलोनी, सिंगारभाठा, दुसेरा, सिवनी, खिलौड़ा सहित कई ग्रामों में जहां भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, वहीं इन ग्रामों से गुजरी नहर भी पूरी तरह से सूख चुकी हैं। इसके कारण इन गांव में रहने वाले आम लोगों के साथ किसानों के सामने पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इनमें से कई गांव के किसान एवं आम लोगों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु से मुलाकात कर इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नहर में पानी छोड़ने की मांग की। इधर किसान एवं ग्रामीणों की मांग और समस्या को लेकर उपाध्यक्ष ने सोमवार को कलेक्टर गौरव सिंह से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस पर कलेक्टर ने जल्द ही पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है।

## कलेक्टर ने जल्द ही पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया

### गंगरेल डेम से छोड़ा पानी नहीं पहुंचा

उन्होंने कहा कि गंगरेल डेम से पूर्व में जो पानी छोड़ा गया है, वह पानी इन गांवों की नहर में पहुंचा ही नहीं है, जिसके कारण नहर पूरी तरह सूख चुकी हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी का सीजन अभी शुरू हुआ है। मार्च अभी पूरा बचा है। इसके बाद अप्रैल, मई एवं जून के तीन और महीने बाकी हैं। डेम का पानी अगर इन गावों तक नहीं पहुंचा, तो स्थिति और भयंकर हो सकती है।





### कलेक्टर ने दिए राहत पहुंचाने के निर्देश

उपाध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण एवं किसानों की समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा है। इस पर कलेक्टर ने भी गंभीरता दिखाते हुए इस मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों से मोबाइल पर संपर्क कर ग्रामवासियों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

### भू-जल स्तर गिरा, जलजीवन मिशन अंतर्गत लगे कनेक्शन से सप्लाई भी प्रभावित

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बताया कि मुजगहन, सेजबहार सहित रायपुर और अभनपुर क्षेत्र के कई ग्रामों में अभी से भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे बोरवेल से भी बहुत कम पानी आ रहा है। कई ग्रामों में जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन लगाए गए हैं, लेकिन भू-जल का स्तर नीचे जाने के कारण पानी की टंकियां भी भर नहीं पा रही हैं, जिससे घरों में पानी की सप्लाई भी कहीं आधी, तो कहीं आधी से कम हो गई है। एक ओर जहां लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गांव से गुजरी नहर भी करीब महीनेभर पहले ही सूख चुकी हैं। इसके कारण किसानों को भी पानी नहीं मिल पा रहा है।

## खबर संक्षेप



### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मनाया होली मिलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज कोटा इकाई द्वारा गायत्री मंदिर प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही महिला दिवस भी मनाया गया। समारोह की शुरुआत अक्सर गायत्री मंत्र या भक्ति गीतों से होती है, जिसमें फगुआ और पारंपरिक लोकगीतों का गायन शामिल है। यह कार्यक्रम भाईचारे को बढ़ावा देता है, जहां लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। इस अवसर पर जागेश्वर प्रसाद वर्मा, पार्षद आशु चंद्रवंशी, अमन सिंह ठाकुर, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य शगुन लाल वर्मा, हरि वर्मा, उमाकांत वर्मा, जेसीपी प्रमुख ऋचा वर्मा एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### शांति सरोवर में महिला जागृति सम्मेलन आज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 10 मार्च को शाम 4 बजे महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। चर्चा का विषय वंदेमातरम से स्वर्णिम भारत होगा। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागृति लाकर उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए सशक्त बनाना, महिलाओं के प्रति मानसिकता में परिवर्तन लाना, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन तंत्र एवं वाहनों को नारियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने के लिए जन-जन को प्रेरित करना, अश्लील साहित्य, सिनेमा, विज्ञापन आदि पर अंकुश के लिए सामाजिक जागृति लाना आदि है। समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय होंगी। बतौर विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और डीजीपी की पत्नी ज्योति गौतम शामिल होंगी।

### नारी शक्ति की आर्थिक मजबूती जरूरी



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के सम्मान में सोमवार को जगह-जगह विभिन्न में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में यहां बुजुर्गों की चौपाल संस्था द्वारा नारी शक्ति गौरव सम्मान-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला शक्ति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि महिला शक्ति हमारे समाज के आधारशिला है। महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और आर्थिक निर्भरता से ही हमारा समाज प्रगति कर सकेगा, देश विकसित बन सकेगा। कार्यक्रम में सरस्वती प्रशांत पांडेय, डॉ. आरती उपाध्याय, अमरजीत सिंह छाबड़ा, कर्णिका जैन, लोकेश कावड़िया, ममता साहू, प्रतिष्ठा हरितवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## महापौर मीनल चौबे ने गांधी सदन के सभागार में पुरस्कृत किया

# मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा में मुख्यालय टीम विजेता उपविजेता जोन 4 टीम, ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन में मेयर कप रायपुर नगर पालिक निगम क्रिकेट स्पर्धा की विजेता नगर निगम मुख्यालय टीम को विनर्स और जोन 4 की उपविजेता टीम को रनर्स ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस स्पर्धा का आयोजन गत दिनों नगर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा में नगर निगम के अधीक्षण अभियंता इमरान खान मैन ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से नवाजे गए।

इसी तरह महापौर ने रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से गणेश विसर्जन झांकी और स्थल सजावट के लिए गठित निर्णायक मंडल के सदस्य विषय विशेषज्ञ डॉ प्रवीण शर्मा, उमेश चोपकर को श्रीफल, शाल स्मृतिचिन्ह प्रदान कर मंच से सम्मानित किया। होली त्योहार के बाद सोमवार को भी गांधी सदन में होली मिलन का नजारा देखने को मिला। अवसर था नगर निगम के संस्कृति विभाग और जोन जोन 4 के सहयोग से होली मिलन कार्यक्रम का। इस आयोजन में महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से शामिल हुई, उन्होंने पार्षदों, निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ फूलों की होली खेली। स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा फाग गीतों की प्रस्तुति इस मौके पर की गई। रायपुर नगर निगम परिवार द्वारा मुख्यालय भवन परिसर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे सहित नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, नंदकिशोर साहू, अमर गिदवानी, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, संतोष- सीमा साहू, संजना- संतोष हियाल,जोन अध्यक्ष गज्जू साहू,मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, गोपेश साहू, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, प्रभा- मनोज विश्वकर्मा,आशु चंद्रवंशी, प्रमोद कुमार साहू, रमेश सपहा, राजेश कुमार देवांगन, राजेश गुप्ता, कृष्णा सोनकर, अजय साहू, रवि ध्रुव, नगर निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू,विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, निगम उपायुक्त, जोन कमिश्नर,कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 500 रुपए पेंशन पाने के लिए भी दफ्तर के चक्कर काटते हैं हितग्राही

## होली के दो दिन पहले 1791 पेंशनधारियों को दो महीने की रुकी पेंशन मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित केंद्र और राज्य सरकार की आधा दर्जन पेंशन योजनाएं चल रही हैं। इनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, राष्ट्रीय विधवा, राष्ट्रीय दिव्यांग, सामाजिक सुरक्षा, सुखद सहारा तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना आदि शामिल हैं। इन योजनाओं के तहत हितग्राही को सहायता राशि के रूप में हर महीने पेंशन के रूप में लगभग 5 सौ रुपए मिलता है। महंगाई के इस दौर में पेंशन की यह राशि बहुत छोटी है, लेकिन आर्थिक रूप से परेशान हितग्राहियों के लिए यह राशि भी बहुत कम नहीं है। इसे देखते हुए हितग्राहियों को हर महीने पेंशन राशि का इंतजार रहता है। इधर दूसरी ओर इस छोटी राशि को पाने के लिए भी कई बार हितग्राहियों को सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ता है। रायपुर जिले में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत हितग्राहियों की कुल संख्या 1791 है। इनमें सर्वाधिक 714 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था तथा 635 मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राही हैं। इसी प्रकार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा के 179, राष्ट्रीय दिव्यांग के 10, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 50 एवं सुखद सहारा योजना के 203 हितग्राही हैं, जो पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं।

### मुख्यालय से जारी होती है

सभी पेंशन योजनाओं के तहत रुकी हुई दो माह की राशि होली के दो दिन पहले एक साथ हितग्राहियों को जारी कर दी गई है। पेंशन की राशि अब मुख्यालय से जारी होती है। जिला कार्यालय से सिर्फ हितग्राहियों की सूची मांगी जाती है।

- अरविंद गेडाम, जिला अधिकारी, समाज कल्याण विभाग

### दो माह की रुकी पेंशन होली के पहले जारी, मिली राहत

सभी योजना के हितग्राहियों को पिछले दो माह जनवरी और फरवरी में पेंशन राशि ही नहीं मिल पाई थी। विभाग के अधिकारी ने इसका कारण फंड का जारी नहीं होना बताया था। पेंशन नहीं मिलने से हितग्राहियों के चेहरों में भी निराशा छाई हुई थी, क्योंकि मार्च के प्रथम सप्ताह में ही होली का त्योहार भी था। हितग्राही पेंशन पाने के लिए सरकारी कार्यालय के लगातार चक्कर भी काट रहे थे। हालांकि त्योहार के दो दिन पहले ही इन सभी हितग्राहियों को दो माह की रुकी पेंशन एक साथ जारी कर दी गयी, जिससे सभी ने राहत की सांस भी ली।

### रायपुर नगर निगम में सबसे अधिक हितग्राही

रायपुर जिले में सबसे अधिक पेंशनधारियों की संख्या नगर निगम रायपुर में दर्ज है। यहां हितग्राहियों की कुल संख्या 582 है। इनमें वृद्धावस्था के 245, विधवा के 78, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 160, सुखद सहारा के 67, सामाजिक सुरक्षा के 23 एवं दिव्यांग के 9 हितग्राही शामिल हैं। इसी प्रकार क्रमशः जनपद पंचायत अभनपुर में कुल 385, जनपद पंचायत आरंग-300, जनपद पंचायत धरसींवा- 200, जनपद पंचायत तिल्दा- 220, नगर निगम बिरगांव-21, नगर पालिका आरंग-5, नगर पालिका तिल्दा-नेवरा-47, नगर पंचायत खरोरा-1, नगर पंचायत कुंरा-13, नगर पंचायत चंदखुरी-3 एवं नगर पंचायत मंदिर हसौद में कुल 14 पेंशनधारी दर्ज हैं।

# 10वीं-12वीं के छात्रों को उत्तीर्ण होने मिलेंगे अब तीन अवसर

## बोर्ड ने जारी किए कंपार्टमेंट एग्जाम संबंधित दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के छात्रों पर बोर्ड एग्जाम का तनाव कम करने के लिए बड़ी राहत दी है। एक या दो सब्जेक्ट में असफल रहने वाले छात्रों को कंपार्टमेंट एग्जाम में पास होने के लिए तीन मौके मिलेंगे। बोर्ड ने इस साल एग्जाम के नियमों में इस पर स्पष्ट निर्देश दिए हैं। कम्पार्टमेंट एग्जाम उन छात्रों के लिए है, जो मेन बोर्ड एग्जाम में एक या दो सब्जेक्ट में फेल हो जाते हैं। बोर्ड छात्रों को कम्पार्टमेंट एग्जाम पास करने के लिए जुलाई-अगस्त, मार्च-अप्रैल और जुलाई-अगस्त (अगले सत्र) में तीन मौके मिलेंगे।(सीबीएसई के नए नियमों के अनुसार, अब छात्रों को साल में दो मुख्य एग्जाम के अवसर मिलेंगे। पहले एग्जाम फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती है, जबकि दूसरी एग्जाम मई-जून में आयोजित होगी। मुख्य परीक्षा फरवरी-मार्च में होती है। यह सभी के लिए अनिवार्य है। पूरक परीक्षा मई-जून में होगी। इसमें वे छात्र बैठ सकेंगे, जो फेल हो गए हैं। कंपार्टमेंट या जो अपने नंबरों से खुश नहीं हैं। बोर्ड के मौजूदा और नए प्रावधानों के अनुसार, यदि कोई छात्र मुख्य एग्जाम में फेल हो जाता है, तो उसे अपना साल बचाने के लिए कुल 3 अवसर दिए जाएंगे

### ... तो माना जाएगा फेल

यदि कोई छात्र इन तीन लगातार मौकों में भी एग्जाम पास नहीं कर पाता है, तो उसे 'फेल' माना जाएगा। उसे अगले साल सभी सब्जेक्ट के एग्जाम फिर से देने होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि हर छात्र कंपार्टमेंट एग्जाम नहीं दे सकता। इसके लिए कुछ शर्तें हैं। कक्षा दसवी में यदि छात्र एक या दो सब्जेक्ट में फेल है, तो वह कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकता है। यदि छात्र 3 या उससे अधिक सब्जेक्ट में फेल है, तो उसे अगले साल सभी पेपर देने होंगे। इसी तरह कक्षा 12वीं के छात्र केवल एक सब्जेक्ट में कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकते हैं। यदि छात्र एक से अधिक सब्जेक्ट में फेल है, तो उसे पूरा साल दोहराना होगा। विशेष बात यह है कि अब 'पास' होने वाले छात्र भी अपने नंबर बढ़ाने के लिए दूसरी एग्जाम में बैठ सकते हैं। 10वीं के छात्र अधिकतम 3 सब्जेक्ट में सुधार के लिए एग्जाम दे सकते हैं। वहीं 12वीं के छात्र केवल एक विषय में सुधार के लिए दूसरे एग्जाम में बैठ सकते हैं।

## 1 एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग का मामला

# भाठागांव भरींखार में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, निगम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव में भरींखार की करीब 1 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम अमले ने स्थल पर पहुंचकर रोक लगाई। जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव के निर्देश पर जोन की टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां निर्मित अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर स्थल पर आवाजाही को बाधित किया है। जनशिकायत पर निगम अमले ने संज्ञान लेते हुए भरींखार में 1 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कारगर रोक लगाई।

इसी तरह दो दिन पहले नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के वीर सावरकर नगर वार्ड के जरवाय में निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के बाद जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने रजिस्टार पंजीयन को पत्र लिखकर अवैध प्लाटिंग वाली भूमि को ब्लाक करने पत्र लिखा है। साथ ही नगर निगम यह जमीन अधिग्रहित भी करेगा।

विदित हो दो दिन पूर्व नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने जरवाय में निजी भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाया था। सूत्रों के मुताबिक फिरोज आलम और ईश्वर साहू नाम के लोगों ने भू स्वामी से मिलकर दर्जनभर प्लाट काटकर प्लिन्थ लेवल तक निर्माण के साथ मुरुम रोड बना दिया था। नगर निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसे क्षेत्र में निवेश करने से बचें।

# इंटरस्टेट बस टर्मिनल से अज्ञात शातिर बस चोरी कर ले गया

## टिकरापारा थाना में पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



टिकरापारा थाना में एक ट्रांसपोर्टर ने अज्ञात चोर के खिलाफ इंटर स्टेट बस टर्मिनल में पार्क बस को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बस ट्रांसपोर्टर पेशे से मंत्रालय में वाहन चालक के पद पर कार्य करता है। अज्ञात चोर ट्रांसपोर्टर की बस को पिछले सप्ताह शुक्रवार को चोरी कर ले गया। अपने स्तर पर पतासाजी करने पर बस के नहीं मिलने पर ट्रांसपोर्टर थाने में बस चोरी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।

अब्दुल सलीम ने बस चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। अब्दुल ने पुलिस को बताया है कि बस सीजी 07 ई 0782 कलवंत कौर के नाम पर पंजीकृत है, जिसे सरिता मिश्रा ने खरीदा है, नाम ट्रांसफर नहीं हुआ है। उस बस का संचालन एवं देख रेख सलीम करता है। अब्दुल सलीम ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को बस का चालक शाम साढ़े सात बजे बस को इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस पार्क कर, चाबी ड्राइवर सीट के नीचे रख कर सोने के लिए अपने घर चला गया। दूसरे दिन बस का एक अन्य ड्राइवर आया, तो मौके से बस गायब मिली। बस में फास्ट ट्रैक होने के कारण सलीम के मोबाइल में घटना दिनांक को रात साढ़े नौ बजे मंदिर हसौद टोल प्लाजा से टोल कटने का मैसेज आया है।

## माना-तूता में पेड़ों की कटाई रोकने की मांग

# भाजपा की पर्यावरण-हत्या के विरोध में कांग्रेस ने निकाली 'शव यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा सरकार की जन-विरोधी पर्यावरण-विनाशकारी नीतियों के 13वें दिन कांग्रेस ने प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली। शव यात्रा नवा रायपुर के माना-तूता क्षेत्र में प्रस्तावित फिल्म सिटी के नाम पर हजारों पेड़ों की निर्दयी हत्या के खिलाफ है। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा इस दौरान मौजूद थे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने विकास के बहाने जंगलों का कत्लेआम शुरू कर दिया है।

1500 से अधिक पेड़ों को बेरहमी से काटकर जैव-विविधता, जलवायु संतुलन, स्थानीय ग्रामीणों का जीवन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य छीन रही है। यह महज विकास नहीं, बल्कि पर्यावरण के खिलाफ संगठित अपराध और जनता के साथ विश्वासघात है। भाजपा की यह नीति साफ दिखाती है कि जंगल सिर्फ जमीन है, जीवन नहीं; और छत्तीसगढ़ की हरियाली सिर्फ बिकाऊ है, संरक्षण का विषय नहीं। कांग्रेस पार्टी स्पष्ट चेतावनी दी है कि माना-तूता क्षेत्र में सभी पेड़ों की कटाई तत्काल और पूर्णतः रोकी जाए, अन्यथा आंदोलन राज्यव्यापी स्तर पर फैलेगा। फिल्म सिटी जैसी परियोजना को जंगलों से दूर, गैर-हरित भूमि पर अनिवार्य रूप से स्थानांतरित किया जाए।



### ये थे मौजूद

शव यात्रा कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य कृणाल सिन्हा, गोपाल वाजपेयी, जसबीर सिंह ढिल्लन, ब्लाक अध्यक्ष हीरेन्द्र देवांगन, किरण सिन्हा, महेंद्र गुड्डू सेन, प्रीति सोनी, महेंद्र सिंह राठौड़, लक्ष्मण सेन, प्रद्युमन शर्मा, महेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र यादव, देव दीवान कुर्रे, ब्रह्मा सोनकर, सजमन बाग, ईश्वर चक्रधारी, जी वेंकट सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### गैस की कीमतों में वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध

गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने घड़ी चौक पर विरोध में पेट्रोलियम विभाग के रीजनल आफिस के सामने प्रदर्शन किया। केन्द्र शासन के इस आदेश के विरोध में मोदी का पुतला दहन किया गया। वहीं रीजनल मैनेजर से केन्द्र की भाजपा सरकार से गैस सिलेंडर के मूल्य वृद्धि के आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेत्रियों ने चूल्हे पर खाना बनाकर प्रतीकात्मक विरोध भी दर्ज कराया। उनका कहना था कि गैस सिलेंडर के दाम इतने बढ़ गए हैं कि आम महिलाओं को फिर से चूल्हे पर खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार आपदा में अवसर खोज ही लेती हैं। कीमतों में वृद्धि कर के महंगाई के बोझ के तले आदमी के मुँह से निवाला छीनने का काम कर रही हैं। रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा कर भाजपा सरकार में आई हैं। वह आज 1080 रुपए में गैस सिलेंडर बेच रही हैं। ऐसी जन विरोधी सरकार को देश की जनता सबक सिखायेगी।




हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

### सामाजिक सरोकार के लिए दिया गया नारायण सम्मान



**रायपुर।** राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा महिला दिवस पर एक अनूठी पहल करते हुए "नारायण सम्मान" समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की मजबूत नींव रखने और समाज को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले 51 लोगों को सम्मानित किया गया। संस्था की महिला विंग की अध्यक्ष सपना कुकरेजा ने बताया कि 8 मार्च को विश्व में महिला दिवस के रूप में नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है, लेकिन समाज में नारायण अर्थात पुरुषों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसी विचार को नई दिशा देने के उद्देश्य से महिला दिवस के अवसर पर "नारायण सम्मान" समारोह आयोजित किया गया। सेहरा वाले साईं, देवपुरी से मीरा अम्मा, चकरभाटा से बरखा जसूजा एवं मांढर वाली संतोषी माता के सानिध्य में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सरोकार से जुड़े कार्यों में योगदान देने वालों का सम्मान किया गया।

#### समाज में नारी और नारायण एक-दूसरे के पूरक

सिंधी समाज में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने पर वरिष्ठ समाजसेवी किशोर आहूजा का सम्मान मांढर वाली संतोषी माता के हाथों किया गया। इसमें राष्ट्रीय सिंधी मंच महिला विंग की अध्यक्ष सपना कुकरेजा एवं रेखा कुकरेजा ने भी किशोर आहूजा का सम्मान किया। सपना कुकरेजा ने कहा कि नारी और नारायण एक-दूसरे के पूरक हैं। उसी प्रकार यदि नारायण सफलता प्राप्त करते है तो उसमें नारी का भी योगदान है। संस्था के प्रमुख गंगाराम आमेसर, रोमी सावलानी, लार्सन पंजवानी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में महेश पी. आहूजा, अमित चिमनानी, किशोर आहूजा, श्रीचंद सुंदरानी, आनंद कुकरेजा, सतीश थौरानी, चेतन तारवानी, सुभाष बजाज, महेश दरयानी को "नारायण सम्मान" से सम्मानित किया गया।

## मौसम के अनुरूप घर को ग्रीन और कूल वातावरण देने में जुटे लोग, नर्सरी से खरीद रहे पौधे

# गर्मी में ठंडक-सुकून पाने इंडोर प्लांट से सजा रहे बालकनी गार्डन, दीवारों और खिड़कियों का भी करा रहे डेकोरेशन


गर्मी की आहट के साथ ही लोग घरों को ग्रीन और कूल बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए घरों के बालकनी गार्डन को मौसम के अनुरूप कम से कम पानी लेने वाले पौधों से डेकोरेट कर रहे हैं, ताकि गर्मी के दिनों में पानी बचाने की जिम्मेदारी के साथ ही घर में ठंडक का एहसास और हरा-भरा नजारा लिया जा सके।

**रायपुर।** शहर की अमलीडीह कॉलोनी निवासी सुनीता साहू, हेमा गुप्ता और शंकरनगर निवासी रामचरण उपाध्याय ने बताया कि टैरेस व हाउस गार्डन में बरसात तथा ठंड के मौसम में कई वैरायटीज की पौधे तैयार किए हैं। इस काम में विशेषकर महिलाएं पूरे मन के साथ बालकनी गार्डन को सजाने में अभी से लग गई हैं। वे बालकनी गार्डन के लिए बरसात में तैयार किए गए गार्डन से उन पौधों को सलेक्ट कर डेकोरेट कर रही हैं, जिसे कम से कम पानी की जरूरत होती है। वहीं बागवानी विशेषज्ञ अर्जुन नामदेव का कहना है, शहरों में जगह की कमी के कारण बड़ा गार्डन बनाना हर किसी के लिए पॉसिबल नहीं होता। ऐसे में घर में छोटी-सी बालकनी भी है तो वहां एक खूबसूरत स्मॉल गार्डन तैयार कर सकते हैं। इससे न केवल घर का माहौल फ्रेश और पॉजिटिव रहता है, बल्कि मेंटल पीस और हेल्दी लाइफस्टाइल को भी बढ़ावा मिलता है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए बहुत ज्यादा समय या मेहनत की जरूरत नहीं, बस सही लो-मेंटेनेंस प्लांट्स चुनने होते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाएं बालकनी में छोटा गार्डन और कौन-से पौधे इसके लिए बेहतर हैं।



### एयर क्वालिटी सुधारने स्नेक प्लांट परफेक्ट

स्नेक प्लांट उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो गार्डनिंग में नए हैं। यह पौधा कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है और कम रोशनी में भी बढ़ सकता है। इसकी लंबी हरी पत्तियां बालकनी को मॉडर्न और क्लीन लुक देती हैं। खास बात यह है कि यह एयर क्वालिटी सुधारने में भी मदद करता है, इसलिए इसे घर के आसपास रखना फायदेमंद माना जाता है।



### डेकोरेटिव पॉट्स में लगाए सक्यूलेंट्स प्लांट्स

संतोषी नगर रोड स्थित नर्सरी के संचालक अर्जुन साहू ने बताया कि गर्मी में इंडोर प्लांट्स की मांग सबसे अधिक हो रही है। लोग बालकनी, रूम व ऑफिस-दुकानों में बहुत कम जगह में ग्रीन व फ्रेशनेस के लिए इंडोर प्लांट डेकोरेट करने खरीद रहे हैं। इन प्लांट्स में सक्यूलेंट प्लांट्स सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये छोटे साइज के होते हैं और कम पानी में लंबे समय तक टिके रहते हैं। इन्हें छोटे डेकोरेटिव पॉट्स में लगाकर बालकनी को ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है। इससे गर्मी के मौसम में बालकनी का वातावरण आकर्षक के साथ-साथ तापमान को कंट्रोल करने में बेस्ट ऑप्शन है।

### दीवारों को खूबसूरत लुक देने मनी प्लांट से सजावट

अगर सजावटी और तेजी से बढ़ने वाला पौधा चाहते हैं तो मनी प्लांट जरूर लगाएं। इसे गमले, पानी की बोतल या हैंगिंग बास्केट में आसानी से उगाया जा सकता है। यह ज्यादा देखभाल नहीं मांगता और नियमित हल्की पानी देने से ही हरा-भरा रहता है। इसकी बेलें बालकनी की दीवारों को खूबसूरत लुक देती हैं।

### सूती या लिनन के पर्दे और जूट कालीन भी लगा रहे

इंडोर पौधों के अलावा गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए हल्के रंग के सूती या लिनन के हवादार पर्दे और जूट के कालीन भी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं खिड़कियों पर खस के पर्दे या बांस के शेड भी लगा रहे हैं, ताकि सीधे धूप की तपिश को घर के अंदर आने से रोका जा सके। ऐसे में दोपहर में पर्दे बंद रखकर देर शाम कुछ समय के लिए रूम की खिड़कियां व पर्दे खोलने से फ्रेश ठंडी हवा भी सर्कुलेट होगी।

## सिटी इवेंट

### आईएमए का वार्षिक सम्मेलन राज्य के चिकित्सकों ने की चर्चा



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) छत्तीसगढ़ के 21वें वार्षिक सम्मेलन में राज्य के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया। दो दिवसीय सम्मेलन आयोजन बालाजी मेडिकल इंस्टिट्यूट परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। इस सम्मेलन को गरिमा प्रदान करने के लिए प्रदेशभर से आए चिकित्सकों, शिक्षाविदों तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में कई विषयों पर चर्चा की गई। इसमें छत्तीसगढ़ के चिकित्सा समुदाय के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप वर्मा को 2026 के लिए आईएमए छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष तय किया गया। उनको औपचारिक रूप से पदस्थापित किया गया। यह पदस्थापना राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, चिकित्सकों को सशक्त करने तथा चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक नई प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य अतिथि कर्नल प्रो. अशोक पुराणिक, कार्यकारी निदेशक ने कहा कि मरीजों की सेवा और चिकित्सकों की गरिमा की रक्षा में आईएमए की भूमिका अहम रही है।

#### चिकित्सा विज्ञान में नवीनतम प्रगति पर संवाद

सम्मेलन के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों डॉ. सुरेंद्र शुक्ला (स्टेट प्रेसिडेंट, हॉस्पिटल बोर्ड), डॉ. प्रभात पाण्डेय (आउटगोइंग स्टेट प्रेसिडेंट), डॉ. नीरज शर्मा (स्टेट सेक्रेटरी), डॉ. नरेंद्र अग्रवाल (मुख्य आयोजन सचिव), डॉ. देवेंद्र नायक (आयोजन सचिव), डॉ. केपी. साराभाई (वैज्ञानिक आयोजन सचिव), डॉ. कुलदीप सोलंकी (अध्यक्ष, आईएमए रायपुर) डॉ. संजीव श्रीवास्तव (सचिव, आईएमए रायपुर) सहित समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सम्मेलन विभिन्न शैक्षणिक सत्रों, विचार-विमर्श और संवाद के माध्यम से चिकित्सा विज्ञान में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की गई।

#### वर्ष 2026 पांच प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रहेगा

उन्होंने विशेष रूप से युवा चिकित्सकों से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य आप लोगों के हाथों में है। इसलिए संवेदनशीलता और समर्पण के साथ नैतिक मूल्यों के आधार पर कार्य करना बाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अनूप वर्मा ने वर्ष 2026 के लिए छत्तीसगढ़ की दूरदर्शी कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने चिकित्सकों, सरकार और समाज के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष पांच प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रहेगा। डॉक्टर-सरकार संवाद को मजबूत करना, चिकित्सकों की सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित करना, सतत चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देना, युवा चिकित्सकों को सशक्त बनाना और समाज से जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी देना प्राथमिकता में है।

### पतझड़ ने ली अगड़ाई, पेड़ों से झड़ने लगे पत्ते ...



*रायपुर। वन क्षेत्र में इन दिनों पतझड़ का प्रभाव साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। जंगलों में पेड़ों से पत्ते झड़ने के कारण जमीन सूखे पत्तों से ढक गई है। दूर-दूर तक फैले पेड़ों की शाखाएँ लगभग खाली नजर आ रही हैं, जिससे पूरा वन क्षेत्र सुनहरा और शांत वातावरण प्रस्तुत कर रहा है।*

### रामगढ़िया महिला विंग का 'एक दिन अपने नाम' कार्यक्रम



**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग द्वारा महिला दिवस महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन टाटीबंध में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक मनाया गया। 'एक दिन अपने नाम' थीम पर आयोजन करते हुए महिला विंग ने विविध गेम्स का आयोजन करते हुए विजेताओं को मेडल और उपहार दिए गए। विभा मिश्रा ने महिलाओं को जहां ब्यूटी टिप्स दिए, वहीं कृति मिश्रा ने गेम्स खेलाते हुए सभी महिलाओं को उपहार जीतने का अवसर दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने जुंबा करते हुए लोगों को उत्सव का माहौल दिया। कंवलजीत कौर ने मंच संचालन का दायित्व निभाया। इसमें चीफ गेस्ट समाज की वरिष्ठ सम्मानित महिला अवतार कौर गिल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया व सम्मान करते हुए आशीर्वाद लिया। महिला विंग के प्राइम मेंबर्स द्वारा मस्ती भरे मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रीति भोज के साथ आयोजन का समापन किया गया।

## एनुअल फंक्शन और फैमिली पार्टी के लिए पारंपरिक ड्रेसेस के साथ मॉडर्न ट्विस्ट

# समर सीजन में कॉलेज गर्ल्स पर चढ़ा फैशन का खुमार जींस, स्कर्ट्स, वाइड-लेग पैंट्स से मिल रहा रेट्रो लुक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** कॉलेज गर्ल्स के बीच इस समर सीजन में हल्का और स्टाइलिश फैशन ट्रेंड में है। सूती वन-पीस ड्रेसेस, फ्लोरल प्रिंट्स, पेस्टल शेड्स, और लेयर्ड आउटफिट्स जैसे टी-शर्ट के ऊपर शर्ट प्रमुखता से पहने जा रहे हैं। शहर की जानी-मानी फैशन डिजाइनर मुस्कान प्रधान का कहना है कि कंफर्टनेस को प्राथमिकता देते हुए कॉटन सूट्स, स्टाइलिश कुर्तियां और कूल एसेसरीज कॉलेज कैंपस में खास पसंद की जा रही हैं। ट्रेंडी ड्रेसेस में कॉटन वन-पीस ड्रेस, डार्क ग्रीन या पेस्टल रंग की ड्रेसेस और रेट्रो स्टाइल की ब्राउन-वाइट चेक फ्रॉक काफी लोकप्रिय है। हल्के कपड़े गर्मी से बचने के लिए सूती, लिनेन और रेयान के कपड़े, जो हवादार और पसीना सोखने वाले होते हैं, जो बेस्ट चॉइस ऑप्शन बना रहा हैं। स्टाइलिश बॉटम्स में फिटेड जींस, स्कर्ट्स और वाइड-लेग पैंट्स को क्रॉप टॉप्स के साथ पेयर किया जा रहा है। कूल कलर्स की डिमांड ज्यादा है, इसमें पेस्टल शेड्स, जैसे हल्का नीला, लैवेंडर, मिंट ग्रीन, क्लासिक व्हाइट और बोल्ड रेड रंगों का कलेक्शन कर रहे हैं। ये आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं, जो गर्मियों के मौसम में इरीटेशन से बचाते हैं।



#### फंक्शन में लगा रहे चार चांद

युवा हर फंक्शन में अपनी कंफर्ट स्टाइल से फैशन में रौनक बढ़ा रहे हैं। यूनिक आउटफिट और ज्यादा आरामदायक कपड़ों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो किसी भी आयोजन को यादगार बनाने में कूल लुक देते हैं। युवा गर्मी के मौसम में फैशन और कंफर्ट का कॉम्बो आउटफिट अपना रहे हैं।

#### सिंपल नैचुरल मेकअप के साथ लाइटवेट ज्वेलरी

सिंपल मेकअप और एसेसरीज नैचुरल मेकअप न्यूड लिपस्टिक, पतली आइलाइनर, लाइटवेट ज्वेलरी व लेयर्ड नेकलेस और आरामदायक फुटवियर, स्नीकर्स या फ्लैट्स के साथ लुक को कंप्लीट किया जा रहा है। यह फैशन न केवल आरामदायक है, बल्कि कॉलेज के दिनों के लिए एकदम परफेक्ट, स्टाइलिश और क्लासी लुक देता है।



#### कंफर्ट फैशन का परफेक्ट कॉम्बिनेशन

युवाओं में समर फैशन का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है, जिसमें आरामदायक और स्टाइलिश एथलीजर, बोल्ड पैटर्न और सस्टेनेबल फैब्रिक प्रमुख हैं। सोशल मीडिया के प्रभाव के कारण युवा लो-वेस्ट जींस, मिनी स्कर्ट और आरामदायक स्ट्रीट स्टाइल को प्राथमिकता दे रहे हैं, जहां आराम और फैशन का कॉम्बिनेशन मिल रहा है। इसमें लेगिंग्स, जॉगर्स और हूडीज का उपयोग बढ़ रहा है, जो कॉलेज से सोशल गैदरिंग तक आकर्षक लुक के लिए कैरी किया जा रहा हैं। लो-वेस्ट जींस, शिमरी टॉप्स और बटरफ्लाई पैटर्न युवाओं को खूब भा रहे हैं।

## सिटी लाइव

### राष्ट्र और समाज की शक्ति हैं महिलाएं उनके बिना समाज की प्रगति संभव नहीं



**रायपुर।** न्यू शांतिनगर स्थित विमतारा भवन में महतारी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन सहित 101 संघर्षशील महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या देवी साय रहीं। उनके हाथों 101 महिलाओं को महतारी सम्मान दिया गया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शौर्य और सम्मान के प्रतीक पगड़ी धारण कर उपस्थित रहीं, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और गौरव का वातावरण बना रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं राष्ट्र और समाज की शक्ति हैं, उनके बिना समाज की प्रगति संभव नहीं। महिलाओं को शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से आगे बढ़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए और राज्य के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा कि महतारी सम्मान समारोह का उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित करना है, जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद संघर्ष करते हुए समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वदिनी पांडेय, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संजय श्रीवास्तव, समाजसेविका कविता राठी, डॉ. श्वेता छाबड़िया, भाजपा नेता किशोर महानंद, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत बाग, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आशीष तांडी, पत्रकार अंकिता शर्मा, निधि प्रसाद, मोनिका शर्मा, दामिनी बंजारे, करिश्मा सोनी, सिमरन मिश्रा, छाया जायसवाल, संतोषी नायक, हेमा सागर, संगीता मुदलियार, अंजलि तांडी, आलिम विभार, शीला बघेल, संजू बाग सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## धर्म लाइव

### अवधपुरी में आदर्श समिति ने किया होली मिलन समारोह



**रायपुर।** रंगपंचमी के अवसर पर स्नेह और उल्लास के साथ होली मिलन का आयोजन अवधपुरी आदर्श मोहल्ला विकास समिति द्वारा रामदरबार मंदिर ग्राउण्ड भागवत कथास्थल में आयोजित किया गया। इसमें रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी मुख्य अतिथि एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुलोचन दास प्रभु उपाध्यक्ष इस्कॉन मंदिर टाटीबंध, अमरजीत सिंह छाबड़ा अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग, मोना सेन अध्यक्ष फिल्म विकास निगम एवं प्रभात मिश्र छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग प्रमुख रुप से शामिल हुए। भारती बागल अध्यक्ष राजस्व विभाग नगर निगम की उपस्थित रही। इस दौरान रंग-गुलाल के साथ फाग मंडली द्वारा ढोल-नगाड़ों की थाप पर गीतों की प्रस्तुति से लोगों को झूमने का अवसर दिया। विधायक श्री सोनी ने अवधपुरी भाठागांव में समिति के भवन निर्माण एवं स्वागत द्वार बनाने के लिए 10 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की।

#### होली के विविध रंग मिलकर बनाते हैं सुंदर दृश्य

अवधपुरी आदर्श मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी द्वारा की गई घोषणा का स्वागत करते हुए निवासियों की तरफ से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह होली के विभिन्न रंग मिलकर एक सुंदर दृश्य बनाते हैं, उसी तरह हम सबको मिलकर एकता, भाईचारे के सूत्र में बंधकर 'समृद्ध, हरा-भरा अवधपुरी भाठागांव' बनाना है। समारोह में पूर्व पार्षद सतनाम पनाग, अभिषेक तिवारी, राकेश सिंह, विनोद तिवारी, जीतू बृजवानी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## समाज इवेंट

### नव उत्खनित पुरास्थल रीवांगढ़ और पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय का विशेषज्ञों ने किया भ्रमण



**रायपुर।** जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। सोमवार को पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रदेश की समृद्ध पुरातत्वीय और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके प्रति जनभागीदारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 7 से 9 मार्च तक आयोजित इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 21 जिलों से आए जिला पुरातत्व संघों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों को नव उत्खनित पुरास्थल रीवांगढ़ व पुरखौती मुक्तांगन संग्रहालय का परिभ्रमण कराया गया।

#### शोधार्थी व पुरातत्व विशेषज्ञों का संगम


जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में बड़ी संख्या में विषय विशेषज्ञों व शोधार्थियों ने हिसा लिया। समापन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री डॉ. अजय मंडावी ने प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है और इसके संरक्षण में समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन न केवल ज्ञानवर्धन करते हैं, बल्कि लोगों को अपनी धरोहरों के प्रति जिम्मेदारी का बोध भी कराते हैं।

**ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम का संचालन पुरातत्ववेत्ता प्रभात कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, डॉ. राजीव मिंज, विष्णु नेताम, समीर टल्लू, मुकेश जोशी, अमर भरतद्वाज, नूतन एक्का तथा अरुण निर्मलकर सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजधानी के देवी मंदिरों में ज्योति कलश कक्ष की साफ-सफाई


# आदिशक्ति के दरबार में रंगरोगन का सिलसिला तेज चैत्र नवरात्रि में ज्योति कलश के लिए पंजीयन जारी

*आदिशक्ति के दरबार में चैत्र नवरात्रि से पहले रंगरोगन का सिलसिला तेज हो गया है। इसके लिए शहर के सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई का दौर जारी है। पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए ज्योति जलवाने के लिए पंजीयन केंद्र शुरू किया गया है। इसी तरह कालीमाता मंदिर में होने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाने का क्रम तेज हो गया है। भक्तों को मनोकामना ज्योति जलवाने का अवसर ज्यादा से ज्यादा देने के लिए लक्ष्य और शुल्क भी तय किया गया है।*




#### हजारों की तादाद में ज्योति जलवाएंगे भक्त

इस वर्ष अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होने की संभावना है। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने तैयारी तेज कर दी है। पुरानी बस्ती स्थित मां राजराजेश्वरी देवी महामाया, आकाशवाणी स्थित मां महाकाली मंदिर, कंकाली मंदिर, बंजारी धाम में भी हजारों की तादाद में आस्थावत ज्योति कलश जगमगाएंगे। इससे पहले ज्योति कलश कक्ष के रखरखाव और साफ-सफाई, ज्योति कलश पात्रों को सजाने का दायित्व तय किया गया है। वहीं कालीमाता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और दर्शन का अवसर मिले, इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। पुजारियों ने बताया कि आस्था के पर्व 27 मार्च तक भक्तों का सैलाब उमड़ेगा।





**रायपुर।** इस साल 19 मार्च से शुरू होने वाली चैत्र नवरात्रि के नजदीक आते ही देवी धाम में तैयारी शुरू हो गई है। इसके चलते मंदिर प्रांगण में रौनक भी बढ़ने लगी है। ज्योति कलश कक्ष का रंगरोगन करने के साथ ही परिसर में माता के विविध स्वरूप को आकर्षक बनाने पेंटर्स ने काम शुरू किया है। माता के धाम में अधिक से अधित मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करने के लिए विशेष रूप से स्थान तैयार किए जा रहे हैं। इसमें तांबे और मिट्टी के कलश रखने की व्यवस्था बनाई जा रही है। मन्नत रखने वाले श्रद्धालु लगातार मंदिरों में पंजीयन कराने के लिए पहुंच रहे हैं, जो अपने और परिजनों के नाम से ज्योति कलश स्थापित कराने तय शुल्क भी जमा कर रहे हैं। इसमें अखंड ज्योति नौ दिनों तक प्रज्ज्वलित होने वाली है। उपासकों की सुविधा के लिए मंदिरों में पंजीयन के लिए सुबह और शाम को काउंटर भी संचालित किया जा रहा है।

#### 2100 में जलवा सकेंगे घृत ज्योति कलश

इस बार सिर्फ मां महाकाली मंदिर में घी और तेल दोनों ही तरह के ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाने की तैयारी है। चैत्र नवरात्रि से पहले परिसर में साफ-सफाई का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिर संचालन की व्यवस्था से जुड़े डीके दुबे ने बताया कि ज्योति कलश कक्ष में इस बार तीन हजार ज्योति कलश स्थापित करने की तैयारी है। इनमें तीन सौ श्रद्धालु घी ज्योति कलश जलवा सकेंगे। इसके लिए अलग से शुल्क और दायित्व तय किया है। घृत ज्योति जलवाने के लिए 2100 रुपए और तेल ज्योति के लिए 1050 रुपए दान राशि तय है। इस वर्ष भी श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह-शाम को पंजीयन कराने मंदिर पहुंचने लगे हैं।

#### बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम तय

मां महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि 11 हजार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराने की सुविधा देने के लिए इस बार व्यवस्थागत तैयारी शुरू की गई है। इस साल भी केवल तेल ज्योति कलश ही प्रज्जवलित किए जाएंगे। इसके लिए 700 रुपए दान राशि तय की गई है। लोगों की सुविधा और बढ़ते रुझान को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने पंजीयन के लिए केंद्र शुरू किया है। बैगा और कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर उनका दायित्व ज्योति कलश कक्ष के लिए तय किया है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा देने के लिए वालंटियर्स के साथ पुजारियों की सेवा अवधि तय की जा रही है।

### रूपाली महतारी गुड़ी संस्था ने ऑस्ट्रेलिया में गाया छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत



**रायपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था की संरक्षिका अंजू देवांगन द्वारा आस्ट्रेलिया में महिला दिवस का सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान आस्ट्रेलिया में छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत से महिला दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं को तिलक लगाकर की गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न विषयों शिक्षा, स्वास्थ्य, वृद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम, गो सेवा, बाल सेवा, निर्धन कन्या विवाह और अन्य क्षेत्रों में सेवा का साथ बनने वाली उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गहना मोहर से किया गया। साथ ही उनको विभिन्न नए क्षेत्रों में सहयोग देने का संकल्प दिलाकर उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान अंजू देवांगन ने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ी मदद बन सकते हैं।

> समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ी मदद बन सकते हैं

उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में रहकर भी अपने देश, राज्य और समाज के लिए काम करना गर्व की बात है। भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मानित होने वाली महिलाओं में सिरीशा, कोकिला, शैली, प्रीति, कल्याणी, शीतल, शैलिनी, नमिशा उपस्थित रही। उन्होंने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

### प्रदेश के अध्यात्म योगी बने आचार्य महेंद्र सागर सूरीश्वर



**रायपुर।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर और दादाबाड़ी ट्रस्ट ने श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर को राष्ट्ररत्न व मुनि महेंद्र सागर को आचार्य बनाए जाने के अनुमोदना का स्वागत किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि सोमवार को जैसलमेर में जिनदत्त सूरि चादर महोत्सव में भारतवर्ष के समस्त जैन श्रीसंघ ने भाग लिया। देशभर के सभी श्रीसंघों ने हर्ष ध्वनि के साथ राजस्थान व महाराष्ट्र सरकार द्वारा जिनमणि सूरीश्वर को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित करने का अनुमोदन किया। खरतरगच्छ युवा परिषद केयूप के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार सुरेश भंसाली, सचिन पारख व मेघराज कांकरिया ने राष्ट्ररत्न से विभूषित किए जाने की अनुमोदना की है। ट्रस्टी ने बताया कि गुरुदेव ने बाल्यावस्था में ही जैन भगवती दीक्षा ग्रहण की थी।

#### आचार्य पद से विभूषित किया जाना गौरव की बात

आगे बताया कि 52 वर्षों की दीक्षाकाल में हजारों किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए सामाजिक कुरीतियों, सामाजिक एकता, स्कूलों की स्थापना के साथ 300 से ज्यादा जिनमंदिरों की प्रतिष्ठा, 160 आत्माओं को भगवती दीक्षा प्रदान करते हुए जिनशासन की महती प्रभावना की है। महेंद्र कोचर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अध्यात्म योगी उपाध्याय भगवंत महेंद्र सागर को जैसलमेर में आचार्य पद से विभूषित किया जाना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। आचार्य महेंद्र सागर सूरीश्वर ने वर्ष 2001 में दादा गुरुदेव को साक्षी मानकर पूज्या मरुधर ज्योति मणिप्रभाश्री की उपस्थिति में जैन दीक्षा ग्रहण की थी। आचार्य गुरुदेव ने 23 शिष्यों के साथ छत्तीसगढ़ में विचरण कर जैन धर्म की प्रभावना की है।

## वृंदावन से आए कथावाचक-संत चिन्मयदास महाराज के प्रवचन

# भक्त का मान-सम्मान बढ़ाने प्रतिज्ञा भी टाल देते हैं भगवान

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** श्रीराम कथा समिति द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक-संत चिन्मयदास महाराज ने श्रोताओं को कथा प्रसंग से जोड़ते हुए कहा कि भगवान भक्तों के प्रति कितना स्नेह, करुणा रखते हैं, इसको प्रसंग से समझना होगा। इसका वर्णन करते हुए महाराजश्री ने कहा कि भगवान अपने भक्त का मान बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिज्ञा भी टाल देते हैं। वे अपना मान कम करा लेते हैं, लेकिन भक्त की प्रतिष्ठा कभी कम नहीं होने देते। भगवान और भक्त के बीच संबंध केवल पूजा-अर्चना का नहीं, बल्कि गहरे प्रेम और समर्पण का होता है। भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन का भाव भी एक-दूसरे के प्रति भी ऐसा ही था।



#### धन के प्रति मोह या ममता नहीं रखनी चाहिए

उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं अर्जुन के सारथी बने। सामान्यतः जो रथ चलाता है, वह सारथी कहलाता है और जो युद्ध करता है, वह रथी। रथी ही सारथी को दिशा देता है कि रथ कैसे और किस ओर चलाना है। भगवान का अर्जुन का सारथी बनना इस बात का प्रतीक है कि प्रभु अपने भक्त की सेवा करने में भी गौरव का अनुभव करते हैं। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य को जीवन में धन अवश्य कमाना चाहिए, लेकिन धन के प्रति अत्यधिक मोह या ममता नहीं रखनी चाहिए। धन को दान, पुण्य, धर्म और परोपकार के कार्यों में लगाना चाहिए। जिस वस्तु के प्रति मनुष्य की ममता अधिक होती है, मृत्यु के समय उसका चित्त उसी में चला जाता है।

#### लोगों को प्रसन्न करने की जरूरत नहीं

जो व्यक्ति भगवान को प्रसन्न कर लेता है, उसे संसार में सभी को प्रसन्न करने की आवश्यकता नहीं रहती। भगवान स्वयं कहते हैं कि "एक बार मेरा बनकर देखो, मैं संसार का सारा सुख तुम्हारे चरणों में रख दूंगा।" उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति प्रभु की लीला में रमता और उनके प्रति पूर्ण समर्पण कर देता है, वह इस संसार रूपी भवसागर से सहज ही पार हो जाता है। कथा श्रोताओं में श्रीराम कथा सेवा समिति के प्रमुख प्रकाश अग्रवाल, विष्णु गोयल, पार्षद आनंद अग्रवाल, रूपा मेहडिया, दमोदर अग्रवाल, संजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## ज्योतिष

# 14 मार्च से मकर, कुंभ, मिथुन, वृष राशि वालों की बल्ले-बल्ले



ज्योतिषीय गणना के अनुसार 14 मार्च से बुध ग्रह उदय होने जा रहे हैं। बुध ग्रह कुंभ राशि में उदित होंगे। विशेष रूप से मकर, कुंभ, मिथुन और वृष राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक उन्नति और करियर में तरक्की के संकेत दे सकता है। जब कोई ग्रह सूर्य के अत्यधिक समीप होने के कारण कुछ समय के लिए दिखाई नहीं देता, तो उसे अस्त कहा जाता है। इस ग्रह परिवर्तन से इन राशियों को हो सकता है लाभ।


**मिथुन राशि :** बुध ग्रह आपकी राशि के स्वामी माने जाते हैं। साथ ही बुध ग्रह आपकी राशि से भाग्य स्थान पर उदित होंगे। इसलिए इस दौरान व्यापार में नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आय के नए स्त्रोत बनने की संभावना है। निवेश से भी लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। वहीं किसी धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**वृष राशि :** बुध ग्रह वृष राशि की गोचर कुंडली के कर्म भाव पर उदित होंगे। इस समय रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। साझेदारी के काम में भी सफलता मिलने के संकेत हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीत सकता है। धन संचय के योग बन सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं नौकरीपेशा लोगों का प्रमोशन होने की संभावना है।

**मकर राशि :** बुध ग्रह आपकी राशि से धन और वाणी भाव पर उदित होने जा रहे हैं। इस दौरान व्यापार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं और नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। निवेश से लाभ मिलने की संभावना बन रही है। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**कुंभ राशि :** बुध ग्रह आपकी ही राशि में उदित होने जा रहे हैं। इस दौरान आर्थिक योजनाएं सफल हो सकती हैं। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। समाज में मान-सम्मान भी बढ़ सकता है। इस समय आपको मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

# 15 मार्च से मिथुन, कर्क व धनु राशि का शुरू होगा गोल्डन टाइम



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 15 मार्च को सूर्य राशि परिवर्तन करके अपने मित्र गुरु की राशि मीन में प्रवेश कर जाएंगे। जहां पर शुक्र और शनि के साथ युति करके त्रिग्रही और शुक्रादित्य राजयोग का निर्माण करेंगे। सूर्य के त्रिग्रही योग का निर्माण करने से इन तीन राशि के जातकों को विशेष लाभ मिल सकता है। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है। जानें इन लकी राशियों के बारे में.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के तीसरे भाव के स्वामी होकर सूर्य दशम भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए त्रिग्रही योग काफी लाभकारी हो सकता है। इस राशि के जातकों को करियर में काफी अच्छे अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से किसी काम में मेहनत कर रहे हैं, तो उसमें सफलता हासिल हो सकती है। जीवन में भौतिक सुखों की वृद्धि हो सकती है।

**कर्क राशि :** सूर्य, शुक्र और शनि का त्रिग्रही योग कर्क राशि के जातकों को खूब लाभ दिला सकता है। इस राशि के जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिल सकता है। धन की प्राप्ति हो सकती है। आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। छात्रों के लिए ये अवधि काफी लाभकारी हो सकती है। उच्च शिक्षा पाने का सपना पूरा हो सकता है। वैवाहिक जीवन में चली आ रही समस्याएं समाप्त हो सकती है।

**धनु राशि :** धनु राशि में सूर्य चतुर्थ भाव में गोचर करेंगे। भाग्य भाव के स्वामी सूर्य के होने के कारण इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस भाव को सुख का स्थान कहा जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों के लिए त्रिग्रही योग कुछ लाभ लेकर आ सकता है। भूमि, भवन और वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है।

## बाजार में मिलने वाले पेय स्वाद सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं

# गर्मियों के दौरान बच्चों को पिलाएं स्वास्थ्यवर्धक पेय, दिनभर रहेंगे तरोताजा, मिलेगी एनर्जी

गर्मियों में बच्चों को पानी की कमी का खतरा ज्यादा होता है क्योंकि इस मौसम में पसीना अधिक आता है। ऐसे में बच्चों को भरपूर मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन कराना जरूरी है। उनके लिए पानी से लेकर फलों के रस तक कई सेहतमंद पेय उपलब्ध हैं, लेकिन इनकी जगह बाजार में मिलने वाले पेय न दें क्योंकि उनमें मौजूद अप्राकृतिक रंग और स्वाद सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं। आइए कुछ स्वास्थ्यवर्धक पेय की रेसिपी जानते हैं।



### आम का पना

आम पना न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि गर्मियों में इसकी ठंडक भी काफी राहत देती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले 2 कच्चे आमों को छिलकर उनके टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसें। अब इसमें भुना जीरा पाउडर, काला नमक, पिसी शक्कर और पुदीना पाउडर मिलाएं। इसके बाद मिक्सी में थोड़ा पानी डालकर पीसें। अब इस मिश्रण को एक गिलास में भरकर इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और बच्चों को इसे परोसें।

### तरबूज का रस

तरबूज का रस विटामिन-सी, विटामिन-ए, पोटेशियम और मैग्नेशियम से भरपूर होता है, जो गर्मियों के लिए आदर्श पेय है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले जरूरी मात्रा में तरबूज के टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसकर इसका रस निकालें। अब इस रस में नींबू का रस और स्वादानुसार शक्कर मिलाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर बच्चों को यह पेय परोसें। आप चाहें तो इसमें पुदीने की पत्तियां भी मिला सकते हैं।

### खीरे का रस

खीरे में प्राकृतिक रूप से नमक होता है, जो शरीर को तरोताजा रखने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक खीरे को छिलकर उसके टुकड़े कर लें, फिर इन्हें मिक्सी में पीसें। अब इसमें थोड़ा पानी डालकर इसे अच्छे से पीसें। इसके बाद खीरे के मिश्रण को एक गिलास में छानकर डालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर बच्चों को परोसें।

### छाछ

छाछ का सेवन गर्मियों में न केवल बच्चों को ठंडक देता है, बल्कि यह पाचन क्रिया को भी स्वस्थ रखता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास छाछ में स्वादानुसार शक्कर और एक चुटकी काला नमक मिलाएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ी भुना जीरा पाउडर भी मिला सकते हैं। यह पेय बच्चों को तरोताजा रखने में भी मदद कर सकता है।

### नींबू पानी

नींबू पानी में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गिलास पानी में नींबू का रस मिलाएं, फिर इसमें स्वादानुसार शहद डालकर इसे अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें पुदीने की पत्तियां भी डाल सकते हैं। यह पेय न केवल बच्चों को तरोताजा रखेगा, बल्कि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# मेहमानों को परोसना है कुछ बेहतरीन तो बनाएं विभिन्न प्रकार की स्वादिष्ट कचौड़ियां

कचौड़ी एक लोकप्रिय भारतीय नाश्ता है, जो अपने कुरकुरे और मसालेदार स्वाद के लिए जाना जाता है। आमतौर पर लोग इसे दाल से बनाना पसंद करते हैं और चाय के साथ इसका आनंद लेते हैं। हालांकि, कचौड़ी कई तरह की बनाई जा सकती हैं, जो एक से बढ़कर एक होती हैं। आज के लेख में हम आपको विभिन्न प्रकार की कचौड़ियों की रेसिपी बताने वाले हैं। ये घर आए मेहमानों को परोसने के लिए बढ़िया रहेंगी।



**आलू की कचौड़ी:** आलू की कचौड़ी आसानी से बन जाती हैं और इनका स्वाद बहुत अच्छा होता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आलू को मैश करें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, धनिया पत्ती और पसंद के मसाले मिलाएं। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें और कुरकुरा हो जाने दें। इन्हें हरी धनिया की चटनी या इमली की चटनी के साथ गर्मा-गर्म परोसें।

**प्याज की कचौड़ी :** प्याज की कचौड़ी भी काफी पसंद की जाती है, जो राजस्थान में काफी लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बारीक कटे हुए प्याज को बेसन, हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसालों के साथ मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। फिर इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। यह कचौड़ी लहसुन की चटनी के साथ सबसे स्वादिष्ट लगती है।

**मटर की कचौड़ी :** मटर की कचौड़ी एक शानदार विकल्प हो सकती है, जो सर्दियों में खास तौर से बनती है। इसके लिए सबसे पहले उबली हुई हरी मटर को पीस लें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसाले डालकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। फिर इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें।

**मूंग दाल की कचौड़ी :** मूंग दाल की कचौड़ी एक सेहतमंद नाश्ता हो सकती है, जिसे आप अपने परिवार को खुश करने के लिए बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पीली मूंग दाल को रातभर पानी में भिगो दें। सुबह इसे पीसकर उसका मिश्रण तैयार करें, जिसमें हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और मसाले मिलाएं। इस मिश्रण को आटे की लोई में भरकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। इन्हें गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। इसे चटनी या सॉस के साथ परोसें।

# जिमीकंद से बनाकर खाएं पौष्टिक व स्वादिष्ट व्यंजन, जो बिना तले हो जाते हैं तैयार

जिमीकंद एक सेहतमंद सब्जी है, जो स्वाद में भी लाजवाब होती है। आमतौर पर इसे तलकर ही पकाया जाता है, जिससे इसका पोषण काफी कम हो जाता है और कैलोरी बढ़ जाती हैं। आज हम आपको जिमीकंद के कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें बिना तलकर बनाया जा सकता है। ये व्यंजन न केवल सेहत के लिए अच्छे हैं, बल्कि स्वाद में भी बेहतरीन होते हैं। आइए बिना तलकर बनाए जाने वाले जिमीकंद के व्यंजनों के बारे में जानें।



**जिमीकंद का हलवा :** जिमीकंद का हलवा एक अनोखी और स्वादिष्ट मिठाई है, जो पारंपरिक हलवे से हटकर है। इसके लिए सबसे पहले जिमीकंद को उबालकर उसका गूदा निकाल लें। इसके बाद इसमें दूध, चीनी और घी मिलाकर पकाएं। उसमें इलायची पाउडर और काजू-बादाम डालकर सजाएं। इसे धीमी आंच पर पकने दें, जब तक कि इससे अच्छी खुशबू न आने लग जाए। जब हलवे की स्थिरता गाढ़ी हो जाए तो उसे परोस लें और घर में सभी को खिलाएं।

**जिमीकंद की टिक्की :** जिमीकंद की टिक्की एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आप चाय-कॉफी के साथ परोस सकते हैं। इसके लिए उबले हुए जिमीकंद को मैश करके उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और नमक मिलाएं। इस मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बनाकर तवे पर हल्का तेल डालकर सुनहरा होने तक सेंके। टिक्कियों को दोनों तरफ से भूरा हो जाने दें, ताकि वे कुरकुरी बनें। इनका मजा हरी चटनी, टमाटर की चटनी या फिर सॉस के साथ लिया जा सकता है।

**जिमीकंद की सब्जी :** जिमीकंद की सब्जी एक सेहतमंद और स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे आप रोजमर्रा के खान-पान में शामिल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन के पेस्ट को तेल में भूनें। इसके बाद इसमें हल्दी, धनिया पाउडर और लाल मिर्च डालकर जैसे मसालों को अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें कटे हुए जिमीकंद डालकर पकाएं, जब तक वे नरम न हो जाएं। अंत में हरी धनिया से सजाकर गर्मा-गर्म रोटी या चावल के साथ परोसें।

भरवां जिमीकंद

भरवां जिमीकंद एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले



# कैफीन से जुड़े हैं कई भ्रम जो गलत होने के साथ ही साथ करते हैं कनफ्यूज

कैफीन एक प्राकृतिक उत्तेजक है, जो चाय और कॉफी जैसे पेय में पाया जाता है। इसके बारे में कई भ्रम प्रचलित हैं, जिन्हें जानकर आपको हैरानी होगी। ये भ्रम न केवल गलत हैं, बल्कि लोगों को गलत जानकारी भी देते हैं। इस लेख में हम कैफीन से जुड़े प्रमुख भ्रमों को बारीकी से समझेंगे और उनकी सच्चाई जानेंगे, ताकि आप सही जानकारी के आधार पर अपनी जीवनशैली में बदलाव कर सकें।

**भ्रम-1: कैफीन की लत लग जाती है**

बहुत से लोग मानते हैं कि कैफीन की लत लग जाती है और इसे छोड़ना मुश्किल होता है। सच्चाई यह है कि कैफीन का सेवन धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। अगर आप इसे धीरे-धीरे कम करेंगे तो आपको कोई समस्या नहीं होगी। अचानक बंद करने पर सिरदर्द हो सकता है, लेकिन इसे धीरे-धीरे कम करने पर ऐसा नहीं होता। इसलिए, बिना किसी डर के अपनी कैफीन की आदत को धीरे-धीरे कम करें।



**भ्रम-2: कैफीन सेहत के लिए खराब होता है**

एक सामान्य भ्रम यह भी है कि कैफीन सेहत के लिए खराब होता है। हालांकि, अगर आप सीमित मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। कैफीन आपके शरीर की ऊर्जा को बढ़ा सकता है, जिससे वजन नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा कैफीन से मानसिक सतर्कता भी बढ़ती है। इसलिए, इसे सीमित मात्रा में लेना चाहिए, ताकि इसके फायदे मिल सकें।

**भ्रम-3: कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लेकर**


यह भी एक आम गलतफहमी है कि कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं होता। सच तो यह है कि थोड़ी मात्रा में कैफीन बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित हो सकता है। हालांकि, इसे अधिक मात्रा में लेने से बचना चाहिए। अगर आप इन दोनों समूहों में से किसी को कैफीन देना चाहते हैं तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें। डॉक्टर इस बारे में आपको सही जानकारी दे सकेंगे।

### भ्रम-4: कैफीन से नींद नहीं आती

क्या आपको लगता है कि कैफीन का सेवन करने के बाद आपको नींद नहीं आती? अगर आपका जवाब हां है तो आपको बता दें कि यह बात सच है। कैफीन आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है, खासकर अगर आप इसे सोने से पहले लेते हैं। इसलिए, रात के समय कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए, ताकि आपकी नींद पूरी हो सके और आप अगले दिन तरोताजा महसूस करें।

### भ्रम-5: कैफीन से शरीर में पानी की कमी होती है

यह सबसे पुराने भ्रमों में से एक है कि कैफीन के सेवन से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। हालांकि, सच यह है कि सामान्य मात्रा में कैफीन लेने पर ऐसा कुछ नहीं होता। हालांकि, अगर आप बहुत ज्यादा मात्रा में इसे लेते हैं तो आप डिहाइड्रेटेड महसूस कर सकते हैं।इसलिए, कैफीन को लेकर बने इन भ्रमों को तोड़ते हुए सही जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है, ताकि हम इसका सही तरीके से उपयोग कर सकें।






















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### सिंगर रिहाना के घर पर बरसी गोलियां, संदिग्ध महिला अरेस्ट



हॉलीवुड की फेमस पॉप स्टार सिंगर रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर पर गोलीबारी की खबर है। बताया जा रहा है कि उस वक्त सिंगर बेवर्ली हिल्स स्थित अपने घर में मौजूद थीं जब ये गोलीबारी हुई। वहीं एक गोली उनके घर की दीवार को आर-पार करके निकल गई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड सितारों के घर पर हुए फायरिंग के बाद अब हॉलीवुड स्टार के घर पर भी एक ऐसी ही फायरिंग की घटना सामने आई है। कहा जा रहा है कि हॉलीवुड की पॉप्युलर सिंगर रिहाना के घर के बाहर गोलीबारी की गई। बताया जा रहा है कि पॉप स्टार रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के बाहर एक महिला ने कई गोलियां चलाईं। इस दौरान एक गोली घर की दीवार से आर-पार होने की भी बात सामने आई है। अप्रैल 2024 में सलमान खान के बांद्रा स्थित घर 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' पर गोलीबारी के बाद कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट और रोहित शेट्टी के घर पर भी निशाना साधा गया था। फायरिंग के वक्त सलमान और रोहित शेट्टी अपने-अपने घर पर ही मौजूद थे और रिहाना के मामले में भी यही बात सामने आई। अब 'लॉस एंजिल्स टाइम्स' और 'एनबीसी4' ने लॉस एंजिल्स पुलिस के हवाले से बताया कि रिहाना के घर फायरिंग मामले में अधिकारियों ने एक संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया है। ये घटना वहां के समय से रविवार दोपहर 1:21 बजे हुई और इस मामले में जांच में जुटी पुलिस ने एक 30 वर्षीय महिला को हिरासत में लिया है।

## टॉलीवुड

### कमल हासन को एक दिन के शूट के लिए दिए गए थे 1 मिलियन डॉलर



फिल्ममेकर-एक्टर युगी सेतु ने हाल ही में 'कल्कि 2898 एडी' में कमल हासन की फीस का खुलासा किया, जिसे सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' (2024) के सीक्वल में कमल हासन की भूमिका और भी बड़ी होने वाली है। इसी बीच फिल्ममेकर-एक्टर युगी सेतु ने हाल ही में एक इंटरव्यू में उनकी फीस को लेकर बड़ा दावा किया है। युगी सेतु के मुताबिक, फिल्म के पहले पार्ट के लिए कमल हासन को एक दिन के शूट के लिए 1 मिलियन डॉलर दिए गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि इतनी बड़ी रकम की वजह से कमल हासन भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। हालांकि, बाद में युगी ने बताया कि जब उनकी मुलाकात फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त से हुई, तो उन्हें असली फीस का पता चला। युगी सेतु ने इंडियाग्लिट्स से बातचीत में कहा, 'कमल सर का स्टेटस ही ऐसा है। उन्हें 'कल्कि 2898 एडी' के लिए 20 दिनों की कॉल शीट के बदले 150 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। उनके जन्मदिन पर मैंने उनसे कहा था कि वह भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर हैं और उन्हें एक दिन के लिए 1 मिलियन डॉलर मिल रहे हैं, क्योंकि 20 दिनों के लिए उन्हें 150 करोड़ रुपए दिए गए।' उन्होंने आगे बताया कि कमल हासन ने उन्हें फिल्म के प्रोड्यूसर अश्विनी दत्त से मिलवाया। युगी ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि हमारे दोस्त को भारत का सबसे ज्यादा फीस लेने वाला एक्टर बनाने के लिए धन्यवाद। जब मैंने कहा कि 20 दिनों के लिए 150 करोड़ रुपये, तो उन्होंने जवाब दिया- 'नहीं सर, उन्होंने सिर्फ 10 दिन शूट किया है।'

## भोजपुरी

### भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम ने अनुराग को दी हिम्मत



भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी, जिन्होंने पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे सुपरस्टार्स के साथ काम किया है, उन्होंने अस्पताल में जिंदगी के लिए लड़ाई कर रहे अनुराग डोभाल के लिए एक पोस्ट लिखा है। सोशल मीडिया की दुनिया में मशहूर यूट्यूबर और 'बिग बॉस 17' के पूर्व कंटेस्टेंट अनुराग डोभाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में उनके साथ हुई एक गंभीर घटना ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चिंता में डाल दिया। बताया जा रहा है कि मानसिक तनाव से जूझ रहे अनुराग ने अपनी जान देने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस खबर के सामने आते ही उनके चाहने वालों ने उनके समर्थन में आवाज उठाई। इसी बीच भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी भी अनुराग के सपोर्ट में उतरी। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अनुराग के जल्द स्वस्थ होने की कामना की और लोगों से सकारात्मक सोच बनाए रखने की अपील की। नीलम गिरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अनुराग डोभाल को हिम्मत रखने का हौसला दिया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'मजबूत बने रहें और जल्दी ठीक हो जाओ। जिंदगी बहुत सुंदर है। भगवान जी आपके साथ हैं, अनुराग डोभाल।' उनका ये सोशल मीडिया पोस्ट अब तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नीलम गिरी का कहना है कि जीवन में मुश्किल समय जरूर आता है, लेकिन ऐसे समय में इंसान को टूटने के बजाय मजबूत बने रहना चाहिए। दरअसल, अनुराग डोभाल को लेकर जो खबर सामने आई, उसने सोशल मीडिया पर बड़ी चर्चा छेड़ दी। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे। इसी बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर तेज रफ्तार से कार चलाते हुए अपनी जान लेने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी की परेशानियों और अकेलेपन के बारे में बात भी की। लाइव वीडियो के दौरान अचानक उनकी कार का नियंत्रण बिगड़ गया और वह सड़क के डिवाइडर से टकरा गए।

## लाइफ स्टाइल

### भाई की शादी में सारा ने लूटी महफिल

सारा तेंदुलकर का अपने छोटे भाई अर्जुन तेंदुलकर की शादी में बेहद सुंदर लुक देखने को मिला। हसीना ने गुलाबी रंग की साड़ी पहनी और अपनी खूबसूरती का जादू चला गईं। सारा ने अपने लुक को फाइनल टच ग्रीन और वाइट पर्ल्स वाली जूलरी के साथ दिया। जहां उनके लेयर्ड गोल्डन डिटेलिंग वाले नेकपीस में लाइट ग्रीन पर्ल्स लगे हैं, तो इयररिंग्स की चेन और मांग टीका वाइट पर्ल्स वाला है। जिसने उनकी साड़ी की बखूबी कॉम्प्लिमेंट किया तो पिंक ग्लॉसी लिप्स और हाफ पिनअप हेयर स्टाइल किए सारा ने हाथों में चूड़ियां पहनकर सारा का लुक पूरा हुआ।




# वसंत के मौसम की शादियों के लिए इस तरह से तैयार हों महिलाएं, लगेंगी बेहद सुंदर

वसंत ऋतु में होने वाली शादियों का मौसम न केवल खुशियों से भरा होता है, बल्कि इसमें फैशन का भी खास ध्यान रखा जाता है। इस मौसम में हल्की और आरामदायक पोशाकें चुनना सबसे अच्छा होता है। भारतीय शादियों में पारंपरिक और आधुनिकता का मेल होता है, इसलिए सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जो आपको वसंत ऋतु की शादियों में स्टाइलिश और आरामदायक लुक देंगे।

**हल्के रंगों का चयन करें :** वसंत ऋतु के लिए हल्के रंगों का चयन करना सबसे अच्छा होता है। गुलाबी, पीला, हरा और नीला जैसे हल्के रंग इस मौसम में बहुत पसंद किए जाते हैं। ये रंग न केवल आपको ताजगी देंगे, बल्कि आपको सबसे अलग भी दिखाएंगे। इन रंगों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप हल्की कढ़ाई वाले कपड़े चुन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी आकर्षक बनाएंगे। इसके अलावा ये रंग गर्मी से भी आपको बचाएंगे।

**आरामदायक कपड़े चुनें :** शादी चाहे कितनी भी बड़ी हो, आपको पूरे दिन आरामदायक महसूस होना



चाहिए। ऐसे में सूती या लिनन जैसे हल्के कपड़ों का चयन करें, जो आपको ठंडक देंगे और पूरे दिन आरामदायक बनाए रखेंगे। इसके अलावा इन कपड़ों की देखभाल करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। आप चाहें तो इन कपड़ों पर हल्की कढ़ाई या एम्ब्रॉयडरी करवा सकती हैं, जिससे उनका लुक और भी खास लगेगा।

**हल्के गहने पहनें :** भारतीय शादियों में गहनों का अहम स्थान होता है, लेकिन भारी गहने पहनना पूरे दिन मुश्किल हो सकता है। ऐसे में हल्के गहने जैसे चूड़ियां, झुमके या हार पहनें। ये बिना किसी बोझ के आपके लुक को पूरा करेंगे।

### जूते-चप्पल पर ध्यान दें

जूते-चप्पल का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आरामदायक हों, क्योंकि शादी में बहुत देर तक खड़ा रहना पड़ता है। फ्लैट या कम ऊंचाई वाली चप्पलें चुनें, जो आपके पैरों को आराम देंगी और पूरे दिन आपको थकान महसूस नहीं होगी। इसके अलावा इन जूतों की देखभाल करना भी आसान होता है और ये लंबे समय तक टिके रहते हैं। आप चाहें तो अपने जूतों पर थोड़ी-सी कढ़ाई या एम्ब्रॉयडरी करवा सकती हैं, जिससे उनका लुक बेहतर हो जाएगा।

# भारतीय फैशन में छा रहे ऐसे कपड़े जिन्हें पहनकर दिखेंगी आप स्टाइलिश

फैशन





भारत का फैशन अपने अलग-अलग रंगों और परंपराओं के कारण मशहूर है। हर साल गर्मियों में नए कपड़ों के चलन आते हैं। इस बार भी कुछ ऐसे खास कपड़े हैं, जो भारतीय महिलाओं को गर्मियों में ठंडक और आराम देंगे। आइए आज हम आपको ऐसे कपड़ों के बारे में बताते हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाएंगे। आप इन्हें अलमारी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**बंधेज प्रिंट :** बंधेज प्रिंट का चलन पिछले कुछ सालों की तरह ही इस बार भी बरकरार है। यह प्रिंट न केवल देखने में सुंदर लगता है, बल्कि इसे पहनने पर भी आरामदायक महसूस होता है। बंधेज प्रिंट वाले कुर्ते, सलवार या साड़ी गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं और आपको ठंडक देते हैं। इन प्रिंट का रंग और डिजाइन आपके लुक को खास बना देते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी।

**खादी कपड़े :** खादी एक ऐसा कपड़ा है, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ बहुत अच्छा भी दिखता है। खादी के कुर्ते या साड़ी पहनकर आप न केवल अपने पर्यावरण प्रेम को दर्शाती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी लगती हैं। खादी की खासियत यह है कि यह त्वचा को हवा लगने देता है और गर्मियों में ठंडक प्रदान करता है। इसके अलावा खादी के कपड़े पहनने पर आपको एक अलग ही शाही अंदाज मिलता है।


**चंदेरी रेशम :** चंदेरी रेशम एक ऐसा कपड़ा है, जो शाही अंदाज देता है। चंदेरी रेशम की साड़ियों या सूट हर त्योहार या विशेष अवसर पर पहनने के लिए बेहतरीन विकल्प होते हैं। इनका हल्का वजन और चमकदार फिनिश इन्हें खास बनाती है। चंदेरी रेशम पहनकर आप न केवल सुंदर दिखती हैं, बल्कि आरामदायक भी महसूस करती हैं। इसके अलावा चंदेरी रेशम के कपड़े पहनने पर आपको एक अलग ही शाही अंदाज मिलता है।

**बागरू प्रिंट :** राजस्थान के बागरू प्रिंट वाले कपड़े अपने अनोखे डिजाइन और रंगों के कारण मशहूर होते जा रहे हैं। बागरू प्रिंट की कुर्तियां या सलवार-कुर्ता पहनकर आप अपने रोजमर्रा के लुक में एक नया ट्विस्ट ला सकती हैं। इन सभी कपड़ों की खासियत यह है कि ये न केवल आपको स्टाइलिश दिखाएंगे, बल्कि गर्मियों की उमस से भी बचाएंगे।

# बदलते मौसम के लिए परफेक्ट हैं पेस्टल रंग के कपड़े, पहनकर लगेंगी सबसे सुंदर

बदलते मौसम के साथ कपड़ों के रंगों में भी बदलाव जरूरी हो जाता है। खासतौर से जब बात बसंत की आ रही हो तो पेस्टल रंग के कपड़े आपके लिए एकदम सही रहेंगे। पेस्टल रंग न सिर्फ आंखों को सुकून देते हैं, बल्कि आपको नाजुक और आकर्षक लुक भी प्रदान करते हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको ऐसे रंग के पेस्टल कपड़ों के विकल्प बताने वाले हैं, जिन्हें बसंत के दौरान पहनकर आप सबसे सुंदर दिखेंगी।

**हल्के गुलाबी रंग की कुर्ती :** हल्के गुलाबी रंग की कुर्ती हमेशा से ही महिलाओं के बीच पसंदीदा रही है। यह रंग न केवल आरामदायक होता है, बल्कि इसमें एक खास तरह की सुंदरता भी होती है। आप इसे जींस या लेगिंग के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके अलावा हल्के गुलाबी रंग का दुपट्टा भी इस लुक को पूरा कर सकता है। आपको लेगिंग या जींस का रंग भी कुर्ती से मेल खाता ही चुनना चाहिए।



### नीले रंग का सलवार-कुर्ता

नीला रंग हमेशा से ही महिलाओं पर अच्छा लगता आया है। खासकर जब बात पारंपरिक कपड़ों की हो, तो नीला रंग अपने आप में एक अलग ही आकर्षण प्रदान करता है। आप नीले रंग का सलवार-कुर्ता सेट चुन सकती हैं, जिसमें हल्की कढ़ाई हो। यह न केवल अच्छा दिखेगा, बल्कि आपको एक शाही अंदाज भी दे सकता है। इसके साथ सफेद या हल्के गुलाबी रंग का दुपट्टा भी अच्छा लगेगा।

**पीले रंग का लहंगा चोली :** अगर आप किसी खास मौके पर नाजुक दिखना चाहती हैं तो पीले रंग का लहंगा चोली एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। पीला रंग बसंत के मौसम की झलक देता है और एक खास लुक प्रदान करता है। इसमें हल्की कढ़ाई या चमकदार पत्थरों का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और भी आकर्षक लगेगा।

# गर्मियों के दौरान स्टाइलिश दिखने के लिए पहनें आरामदायक क्लासिक प्रिंट वाले कपड़े

गर्मियों में कपड़े चुनते समय न सिर्फ आराम, बल्कि स्टाइल पर भी खास ध्यान देना जरूरी है। इस मौसम में हल्के कपड़े पहनना सबसे अच्छा होता है, क्योंकि ये त्वचा को हवा लगने और पसीना सोखने में मदद करते हैं। इसके साथ ही आपको इस दौरान प्रिंटेड कपड़े भी चुनने चाहिए, जो इस मौसम के सार को दर्शाते हैं। आज के फैशन टिप्स में जानिए आपको गर्मियों में किन-किन प्रिंट वाले कपड़ों को अलमारी का हिस्सा बनाना चाहिए।

**फूलों का प्रिंट :** फूलों का प्रिंट भारतीय महिलाओं के लिए एक शानदार विकल्प है। यह प्रिंट न केवल आपको आकर्षक दिखाता है, बल्कि इसमें रंगों का मेल भी बहुत सुंदर होता है। सूती या हल्के कपड़ों पर फूलों का प्रिंट आपके लुक को खास बना सकता है। इसके अलावा यह प्रिंट गर्मी में खिलने वाले फूलों को कपड़ों के जरिए



दर्शाने का मौका देता है। आप इसे साड़ी, कुर्ता, ड्रेस या फिर लहंगा-चोली में आजमा सकती हैं।

**बोटिक प्रिंट :** बोटिक प्रिंट एक पारंपरिक भारतीय प्रिंट है, जो बहुत सुंदर दिखता है। इस प्रिंट में छोटे-छोटे डिजाइन होते हैं, जो आपके लुक को खास बना सकते हैं। बोटिक प्रिंट की साड़ियां या कुर्ता-पतियाला सेट पहनकर आप अलग ही अंदाज में दिख सकती हैं। यह प्रिंट न केवल पारंपरिक दिखाता है, बल्कि इसमें रंगों का मेल भी बहुत सुंदर होता है। इसके अलावा यह प्रिंट आपको गर्मी से भी राहत देता है और त्वचा को हवा लगने में मदद करता है।

**चेक्स प्रिंट :** चेक्स प्रिंट कभी फैशन से बाहर नहीं होता। यह प्रिंट हर मौसम में चलता है और इसमें रंगों का मेल भी बहुत अच्छा होता है। चेक्स प्रिंट वाली कुर्ती, शर्ट या फिर टॉप पहनकर आप सुंदर दिख सकती है। इस प्रिंट वाले कपड़े खास तौर से ऑफिस जाने वाली महिलाओं द्वारा पहने जाते हैं। इनमें बेहद पेशेवर लुक मिल जाता है और इन्हें कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल भी किया जा सकता है।

**धारियों वाला प्रिंट :** धारियों वाला प्रिंट भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, खासकर जब बात कुर्ता सेट या शर्ट की हो। धारियों वाले कपड़े आपको लंबा और पतला दिखाते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास बनता है। आप इसे किसी भी रंग में चुन सकती हैं, जो आपकी पसंद हो। इस तरह के कपड़े न केवल आपको आकर्षक दिखाते हैं, बल्कि इन्हें पहनना भी आरामदायक होता है।

## कार्नर न्यूज

### पारंपरिक कला के साथ आधुनिकता का भी मेल दिखाते हैं

# गर्मियों के लिए बेहतरीन हैं ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज पारंपरिक कला के साथ-साथ आधुनिकता का मेल

गर्मियों के दौरान भारतीय महिलाओं के लिए सही कपड़े चुनना एक चुनौती हो सकता है। इस मौसम में आरामदायक और स्टाइलिश कपड़े पहनना जरूरी होता है। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज इस काम को आसान बना सकते हैं। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि पारंपरिक कला के साथ आधुनिकता का भी मेल दिखाते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज गर्मियों में आपके फैशन को बढ़ा सकते हैं।



### पारंपरिक और आधुनिकता का संगम

ब्लॉक प्रिंट भारतीय कला का एक अहम हिस्सा है। इसमें लकड़ी के ब्लॉक का उपयोग करके कपड़ों पर अलग-अलग डिज़ाइन बनाए जाते हैं। यह प्रक्रिया समय लेने वाली होती है, लेकिन इसका परिणाम बेहद सुंदर होता है। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज में आधुनिक कला का स्पर्श होता है, जो उन्हें खास बनाता है।

### गर्मियों के लिए आरामदायक कपड़े

गर्मियों में सबसे ज्यादा जरूरी है आरामदायक कपड़े पहनना। ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज आमतौर पर सूती के होते हैं, जो त्वचा को हवा लगने देता है और पसीना सोखता है। इससे आपको ठंडक महसूस होती है और आप पूरे दिन तरोताजा रहते हैं। इसके अलावा ये ब्लाउज हल्के होते हैं, जिन्हें पहनने में कोई बोझ नहीं होता।

### अलग-अलग रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध

ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज विभिन्न रंगों और डिजाइनों में उपलब्ध होते हैं। आप अपनी पसंद और साड़ी या लहंगा के अनुसार इन्हें चुन सकती हैं। फूलों की कारीगरी से लेकर ज्योमेट्रिक पैटर्न तक, इन ब्लाउज में हर प्रकार की डिजाइन उपलब्ध होती है। इससे आप अपने हर परिधान के साथ सही मेल बना सकती हैं और आपका लुक हमेशा खास दिखेगा। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों का उपयोग करके अपने लुक में नयापन ला सकती हैं।

### हर मौके पर उपयुक्त

ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज हर मौके पर पहने जा सकते हैं। चाहे वह शादी-ब्याह हो या त्योहार, ऑफिस हो या पार्टी, इन ब्लाउज में आप हमेशा आकर्षक दिखेंगी। इन्हें अलग-अलग प्रकार के पारंपरिक भारतीय परिधानों जैसे कि लहंगा, साड़ी या सलवार-कमीज आदि के साथ पहना जा सकता है। इस प्रकार ब्लॉक प्रिंट वाले ब्लाउज न केवल स्टाइलिश, बल्कि आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल विकल्प भी साबित होते हैं। इनसे आपका फैशन गर्मियों में भी बना रहेगा।

### पर्यावरण के अनुकूल विकल्प

आजकल पर्यावरण की सुरक्षा एक अहम मुद्दा बन चुका है। ब्लॉक प्रिंट वाले कपड़े पर्यावरण के अनुकूल होते हैं, क्योंकि इनमें रासायनिक रंगों का उपयोग नहीं किया जाता। इन कपड़ों को बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है, जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित होते हैं। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि इन कपड़ों की गुणवत्ता भी बढ़ जाती है। इस प्रकार ब्लॉक प्रिंट वाले कपड़े एक बेहतरीन पर्यावरण अनुकूल विकल्प साबित होते हैं।